26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 13 नवम्बर, 2025

अंक- 20 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# आतंकियों ने रची थी सीरियल धमाकों की साजिश

## हमलों को 32 वाहन तैयार करने का था प्लान



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए एक कार धमाके से जुड़ी एक बड़ी आतंकी साजिश का खुफिया एजेंसियों ने पर्दाफाश किया है। सूत्रों के अनुसार, संदिग्धों ने कई जगहों पर हमले करने के लिए लगभग 32 पुराने वाहनों को विस्फोटक से लैस करने की योजना बनाई थी। आतंकियों ने सीरियल धमाकों की साजिश रची थी। यह खुलासा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है। खुफिया एजेंसियों के सूत्रों के हवाले से पता चला है कि चल रही जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपियों ने हमलों में इस्तेमाल के लिए एक आई 20 और एक इकोस्पोर्ट वाहन को मॉडिफाई करने का काम शुरू कर दिया था। जांच टीम अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि क्या सिलसिलेवार विस्फोटों को अंजाम देने की इस व्यापक योजना के तहत इसी तरह के और भी वाहन तैयार किए जा रहे थे।

खुफिया सूत्रों के मुताबिक आई 20 और इकोस्पोर्ट के बाद यह पता चला कि 32 अन्य पुराने वाहनों को तैयार करने की तैयारी चल रही थी, जिनमें विस्फोटक लगाए जा सकते थे। यह दर्शाता है कि आतंकी समूह बड़े पैमाने पर तबाही मचाने की फिराक में था। जांच एजेंसियों ने यह भी बताया है कि लगभग आठ संदिग्ध कथित तौर पर चार अलग-अलग स्थानों पर विस्फोटों को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। इनमें से प्रत्येक संदिग्ध को एक चुने हुए शहर के लिए नियुक्त किया गया था। प्रारंभिक जांच से यह भी संकेत मिले हैं कि आरोपी समूह एक साथ हमलों के लिए कई इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (IED) लेकर जाने की योजना बना रहे थे। इस जांच के दायरे में पिछले आतंकी मामलों से जुड़े लोग भी शामिल हैं। लाल किला विस्फोट के आरोपियों, जिनमें डॉ. मुजम्मिल, डॉ. अदील, डॉ. उमर और शाहीन के नाम सामने आए हैं, की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है।

### जांच की दिशा और आगे की रणनीति

सुरक्षा एजेंसियां इस मामले में हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही हैं। विस्फोटकों के स्त्रोत, आरोपियों की पहचान और उनके मकसद का पता लगाने के लिए गहन पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा है। तीसरी कार के बरामद होने से जांच को नई दिशा मिलने की उम्मीद है और यह उन संदिग्धों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

## आतंक की भयावह तस्वीर, दो दिन बाद 300 मीटर दूर टिन शेड पर मिला कटा हुआ हाथ

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** दिल्ली ब्लास्ट को हुए 2 दिन से ज्यादा गुजर चुके हैं। लेकिन दिल्ली पुलिस समेत जांच एजेंसियां अभी भी सबूत और बॉडी पार्ट्स की तलाश कर रही हैं। आज सुबह ब्लास्ट साइट से 300 मीटर दूर एक दुकान की छत पर एक इंसान का हाथ मिला है। धमाके में उड़कर शरीर से अलग हो गया क्षत-विक्षत अवस्था में है। दिल्ली पुलिस ने आज इलाके की जांच के दौरान इस बॉडी पार्ट्स को बरामद किया है। अब पुलिस के सामने एक बार फिर से इस 'कटे हाथ' की पहचान स्थापित करने की चुनौती है।

**आवश्यकता है**

राजमिलन बैंकेट हॉल, बिजनौर के निकट स्थित एक क्लीनिक पर स्टाफ (मेल) की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें- मो. 8394942102

**आवश्यकता है**

एक रिटायर्ड अंग्रेजी टीचर की। वेतन सहमति के आधार पर संपर्क करें। मो. 9411867583, 8923629167

**तत्सव हेल्थ केयर**
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

**तत्काल आवश्यकता है हॉस्पिटल स्टॉफ की**

हॉस्पिटल स्टॉफ, ओ.टी. तकनीशियन एवं आई.सी.यू. स्टॉफ, एक्स-रे तकनीशियन नर्सिंग स्टाफ (मेल/फीमेल), मेल स्वीपर

- ओ0टी0 तकनीशियन डिप्लोमा अनिवार्य
- नर्सिंग स्टाफ (B.Sc. नर्सिंग/GNM/ANM अनिवार्य)
- मेल स्वीपर
- अनुभव 1 वर्ष से अधिक
- कृपया रिज्यूम के साथ इंटरव्यू में प्रवेश करे
- वेतन अनुभव व योग्यता अनुसार
- कृपया इच्छुक अभ्यार्थी सम्पर्क करें।

इंटरव्यू का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक (सोमवार से शनिवार)

Male and Female both can apply

**Now In Bijnor**

Carrier Midea
CARRIER MIDEA INDIA
(Air Conditioners)
For Trade Enquries called
Authorised Distributor
**VINSUR PRODUCTS**
Geeta Nagari, Bijnor 246701
Mob.: 9219690223

**मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल नहटौर**

Aff. No. 2132822 School Code: 81912

**आवश्यकता है**

सभी विषयों के लिए शिक्षकों की एवं सुरक्षा गार्ड, गन मैन, ड्राइवर और आया की

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा What's app No. - 9870947832 या mepsnehtaur6@gmail.com पर (18 नवंबर) तक भेज सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए: 9870947832, 9027816411



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025**

मेष- विचाराधीन योजना को मूर्त रूप में परिणित, उच्चाधिकारियों से सहयोग, पदोन्नति विषयक मसला सुलझने की ओर, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, यात्रा संतोषजनक।

वृषभ- निराशा की स्थिति, व्यावसायिक हानि, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, शांति का प्रयास विफल, विवादास्पद मसला उलझने की ओर, मानसिक बेचैनी, हानि संभव।

मिथुन- शुभ भावनाओं का उदय, कार्य-व्यवसाय में उन्नति, नव समाचार की प्राप्ति, पारिवारिक संबंधों में सुधार, कुछेक समस्याएँ हल होने को, आनन्द की अनुभूति।

कर्क- ग्रहस्थिति अनुकूल, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विनिमय, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, शारीरिक मानसिक कष्ट में कमी, बौद्धिक क्षमता का विकास।

सिंह- समय बेहतर, शुभ विचारों के उदय से आत्मिक शांति, कष्ट में कमी, मित्रों के गतिविधियों में अभिरुचि, संबंधों में मधुरता, व्यावसायिक उन्नति, मन प्रसन्न।

कन्या- शारीरिक-मानसिक कष्ट, सहयोगियों से असहयोग, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यावसायिक हानि, वाहन से चोट-चपेट संभव, यात्रा में परेशानी, मानसिक तनाव।

तुला- विपरीत परिस्थितियों पर विजय, कठिनाइयों का निवारण, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, आध्यात्मिक क्रिया-कलापों में रुझान, महत्वपूर्ण सफलता, हर्ष भी।

वृश्चिक- नवयोजना दृष्टिगत, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि, पराक्रम में वृद्धि, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, इच्छा शक्ति जागृत।

धनु- दिन शुभ, साहसिक प्रयास प्रगति पर, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, सुसंदेश की प्राप्ति से खुशी, परिवार में हर्षोल्लास ।

मकर- समस्याओं से अशांति, स्वास्थ्य में अड़चनें, किसी बात को लेकर चिंतित, अधीनस्थ सहयोगियों से मतभेद, अनावश्यक खर्च, कर्ज से परेशानी, मनमुटाव।

कुम्भ- ग्रह स्थिति भाग्य के अनुकूल, बुद्धि चातुर्य से कार्यों में सफलता, महत्वपूर्ण उपलब्धि, बकाए धन की प्राप्ति, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, हर्ष भी।

मीन- योजना साकार होने की ओर, मनोरथ पूर्ण होने को, आरोग्य सुख की प्राप्ति, निजी जिन्दगी में सुख में साधन सुलभ, नव उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# भैरव बाबा अष्टमी पर कराया विशाल भण्डारा



**बिजनौर (चिंगारी)।** बुधवार को भैरव बाबा अष्टमी जिला मुख्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनायी गई। इस अवसर पर मौहल्ला नई बस्ती निवासी बाबा के परम भक्त देवेन्द्र कुमार शर्मा, रजनीश कुमार शर्मा व दुष्यंत कुमार शर्मा (शीरे वाले) की ओर से 7वां विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। झालू रोड स्थित श्री मां कालिका मंदिर में आयोजित भण्डारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे में उमड़ी भीड़ से मंदिर में दिन भर भक्ति और श्रद्धा का माहौल रहा। भजन व बाबा के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजयमान रहा। इससे पूर्व मुख्य यजमानों ने सपरिवार भैरो बाबा को स्नान, वस्त्र धारण श्रृंगार आदि कराकर पूजा-अर्चना की तथा आरती के पश्चात भोग लगाया गया। तत्पश्चात भण्डारे का शुभारंभ किया गया। बिजनौर चेयरपर्सन इंदिरा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव कुमार बबली एड., पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी, संजीव शर्मा, श्रीमती निशा राघव, मानवेंद्र राघव, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, भाजपा नेता आशीष अग्रवाल, पीयूष राजू शानू,पं. प्रवीण शास्त्री, राजेंद्र सिंह आदि गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। शर्मा परिवार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## किराया अनुबंध पर स्टांप ड्यूटी आठ हजार से घटकर 500 रुपये करने का प्रस्ताव

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने किरायेदारों और मकान मालिकों को बड़ी राहत देते हुए किराया अनुबंधों पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क में भारी कटौती करने का निर्णय लिया है। इस कदम का उद्देश्य किराये के समझौतों को कानूनी रूप से पंजीकृत कराने को बढ़ावा देना और अनौपचारिक व्यवस्थाओं से उत्पन्न विवादों को कम करना है। सरकार इसके साथ ही एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है, जिसके माध्यम से किरायेदार और मकान मालिक आधार सत्यापन के जरिए डिजिटल रूप से किराया अनुबंध तैयार और हस्ताक्षर कर सकेंगे। इससे उपपंजीयक कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। यह नया सिस्टम राज्य के संपत्ति पंजीकरण पोर्टल से जोड़ा जाएगा। जिससे लोग अपने घर बैठे ही किराया अनुबंध पंजीकृत करा सकेंगे। स्टांप एवं पंजीयन विभाग की ओर से राज्य मंत्रिमंडल को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार, विभिन्न श्रेणियों में किराया अनुबंधों पर स्टांप ड्यूटी में भारी कमी की जाएगी। वर्तमान में एक वर्ष की अवधि और सालाना किराया दो लाख रुपये तक वाले अनुबंध पर चार प्रतिशत यानी लगभग 8,000 रुपये की स्टांप ड्यूटी लगती है। प्रस्ताव के अनुसार, अब यह घटकर सिर्फ 500 रुपये रह जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक, यह सुधार राज्य के किराया बाजार को औपचारिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा कदम है।

## कानून का जरा भी डर नहीं लगा थाने के सामने महिला को ठगा

**किरतपुर (चिंगारी)।** थाने के सामने ही एक महिला के कानों के कुंडल ठग लिए। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मौहल्ला मिर्जापुरा निवासी संतोष कल दोपहर घरों में साफ-सफाई करने जा रही थी। जब वह थाने के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा के पास पहुंची तो उसे एक युवक ने कहा कि आपको भाई साहब बुला रहे हैं। सामने ही एक युवक कुर्ता पायजामा पहने खड़ा था। महिला ने बताया कि जैसे ही वह दूसरे युवक के पास पहुंची, तो उसने उसके सिर पर हाथ रखा। इसके बाद उसे होश नहीं रहा। युवक ने उसके कानों के कुंडल निकालकर एक पुड़िया देते हुए कहा कि तेरे कुंडल इस पुड़िया में रखे हैं। घर जाकर पुड़िया को खोलना। उसने घर जाकर पुड़िया खोली तो उसमें एक रुपये का सिक्का और एक पत्थर का टुकड़ा निकला। उधर पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और घटना स्थल के आस पास के सीसी टीवी खंगाले जा रहे हैं। शीघ्र ही ठगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गांव में लगाकर चौपाल, बीडीओ ने सुना ग्रामीणों का हाल



पुस्तकालय का निरीक्षण करते बीडीओ दिनेशपाल शर्मा।

**नूरपुर (चिंगारी)।** मण्डल आयुक्त मुरादाबाद के निर्देशों के क्रम में विकास खण्ड नूरपुर की ग्राम पंचायत पाहुली में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी डॉ. दिनेशपाल शर्मा ने की। ग्राम चौपाल में विकास खण्ड में संचालित विभिन्न विभागों विकास विभाग,पंचायती राज, समाज कल्याण, कृषि, एनआरएलएम, स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा विस्तृत रूप से दी गई। बीडीओ दिनेशपाल शर्मा ने ग्रामवासियों से उनकी समस्याओं को सुना तथा तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पुस्तकालय सचालित है, जिसमें ग्राम पंचायत के विद्यार्थी अध्ययन कर अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए ई-रिक्शा उपलब्ध है जिसके द्वारा ग्राम पंचायत के प्रत्येक घर से सूखा कूड़ा एकत्रित कर ग्राम पंचायत में निर्मित आरआरसी सेंटर पर सैग्रिगेशन का कार्य ग्राम पंचायत स्तर से कराया जा रहा है। ग्राम चौपाल के बाद खण्ड विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा पंचायत सचिवालय, आरआरसी सेंटर सामुदायिक शौचालय तथा विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। ग्राम चौपाल में भगवान देई, ग्राम प्रधान पाहुली, एडीओ पंचायत बाबूराम, एडीओ आईएसबी सलीम अहमद विपिन कुमार, नीरज कुमार, लोकेश कुमार ग्राम पंचायत सचिव, सपना सैनी ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण, हिमानी पंचायत सहायक, कपिल कुमार टीएसी कृषि विभाग, नेहा सैनी सीएचओ, दीक्षा, शिवांगी रानी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा देवी, नितिन देवी, प्राची आशा, हरिओम रोजगार सेवक नीलम, राजकुमारी, मुन्नी, हिमांशु के साथ भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# व्हाइट कॉलर आतंकवादी मॉडयूल चिंता का विषय- आईएमए

**बिजनौर ( चिंगारी )।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बिजनौर ने दिल्ली में हुए आतंकी ब्लास्ट की कठोर शब्दों में भर्त्सना की है। एक बयान में आईएमए बिजनौर यूनिट की ओर से अध्यक्ष डा. सीपी सिंह, सचिव डा. अमित नारायण एवं कोषाध्यक्ष डा. कामेन्द्र सिंह ने कहा कि 10 नवम्बर को दिल्ली में लालकिले पर हुई आतंकी घटना से सभी देशवासी स्तब्ध व चिंतित हैं। इस आतंकी घटना में जिस तरह डाक्टर्स का नाम सामने आया है, उसे लेकर चिकित्सक वर्ग बहुत दुखी है। जिस तरह से आतंकियों और उनके आकाओं ने व्हाइट कॉलर मॉडयूल शुरू किया है, यह बहुत ही चिंता का विषय है। आईएमए ने इसकी कड़ी निंदा करती है। इसके साथ ही सभी लोगों से अपने आसपास होने वाली गतिविधियों से चौकस रहने और संदिग्धता प्रतीत होने पर शासन, प्रशासन को अवगत कराने की अपील की है।



# ब्राह्मण महासभा के नये जिलाध्यक्ष मनोनीत

## बिजनौर के जिला अध्यक्ष बने डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, महामंत्री डॉ. यतेंद्र शर्मा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा मुरादाबाद मंडल की एक बैठक पूनम विहार एस एस कान्वेंट स्कूल मुरादाबाद में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव पंडित मुनीश चंद्र शर्मा रहे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पंडित त्रिभुवन शर्मा ने की तथा मुख्य वक्ता मुरादाबाद मंडल प्रभारी पंडित ब्रह्मानंद शर्मा एवं संचालन प्रदेश महामंत्री आचार्य राजेश शर्मा ने किया।

बैठक में विगत दो वर्षों में विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिसके बाद बिजनौर जिला अध्यक्ष संजय शर्मा एडवोकेट को मंडल अध्यक्ष, बिजनौर महामंत्री डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस को जिले के अध्यक्ष पद, मंडल अध्यक्ष बागेश नंदन कौशिक को प्रदेश सचिव का उत्तरदायित्व सौंपा गया। मंडल के अन्य जिलों में भी नये जिलाध्यक्ष बनाए गए। इस अवसर पर मुनीश चंद शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि जो अपनी जिम्मेदारी को समझे, उस व्यक्ति को पदासीन होना चाहिए। हम जिस पद पर रहे, उसकी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण भाव से निभाएं। समाज के उत्थान में हम सब की मुख्य भूमिका होनी चाहिए। पंडित त्रिभुवन शर्मा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश में आरक्षण हम लोगों का दर्द बनता जा रहा है। इस आरक्षण के कारण देश को बहुत नुकसान हो रहा है। इससे योग्यता का हनन और प्रतिभा का पलायन हो रहा है। उन्होंने 'आरक्षण हटाओ- प्रतिभा लाओ- देश बचाओ' का नारा दिया।

मंडल प्रभारी एवं मुख्य वक्ता पंडित ब्रह्मानंद शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को अन्य लोगों द्वारा राजनीतिक रूप से पीछे धकेलने का कार्य किया जा रहा है। पार्टी कोई भी हो उसे ब्राह्मणों के वोट तो चाहिए, लेकिन सत्ता में भागीदारी नहीं के बराबर दी जाती है। आगामी 25 दिसंबर को संगठन के संस्थापक, राष्ट्रवाद के प्रखर समर्थक, महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद, भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती को सभी नगरों, जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)

डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
• अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
• बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
• आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
• नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
• काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
• पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
• कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

# नाबालिग को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम सलालपुर से एक नाबालिग को लगभग दो माह पूर्व बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। मुजफ्फरनगर के मोहल्ला चमारान थाना खालापार निवासी शाहनवाज पुत्र रफीक अहमद के खिलाफ 19 सितम्बर को लड़की के पिता ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि लड़की को 20 सितम्बर को मुजफ्फरनगर से बरामद कर लिया गया था, लेकिन आरोपी शाहनवाज फरार चल रहा था। कल उसे गिरफ्तार कर लिया गया।


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

**भली लगे या बुरी ...**

## विश्व शांति के लिये जागरूकता की जरूरत

महाविनाशक हथियारों की होड़ तथा कई देशों के बीच चल रहे युद्ध को देखते हुए विश्व शांति को लेकर चिंता होने लगी है। हालांकि इस अहसास के बीच अभी विश्व स्तर पर शान्ति आंदोलन की ऐसी मजबूती नजर नहीं आई है जो युद्ध और खतरनाक हथियारों की अधिक गंभीर होती चुनौती का सामना कर सके। दरअसल शांति के प्रयासों को प्रायः आग बुझाने की कार्यवाही के रूप में ही विश्व स्तर पर देखा गया है। यदि कभी इराक में तो कभी गाजा में कोई बहुत चिंताजनक स्थिति नजर आती है जो विश्व में जगह-जगह पर लाखों लोग एकत्र होते हैं, वहां इसके विरुद्ध विरोध-प्रदर्शन करते हैं, युद्ध व हिंसा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए आवाज उठाते हैं तथा अन्य प्रयास करते हैं। इस तरह के प्रयासों में विश्व के अधिक संवेदनशील व विचारशील लोग ही जुड़ते हैं। यह प्रयास विश्व व्यापी मुहिम का रूप नहीं ले पा रहा। फिर भी हमें इन छुटपुट प्रयासों की सराहना करनी चाहिए, इसमें सहयोग देना चाहिए। दरअसल, विश्व शान्ति अभियान व आंदोलन को जन-जीवन में एक मजबूत आधार चाहिए व निरंतरता से चाहिए। यदि जन साधारण के बीच में यह अभियान निरंतरता से सक्रिय रहेगा व दैनिक जीवन में हिंसा से पैदा तरह-तरह के दुख-दर्द व तनावों को दूर करने का प्रयास करेगा तो इस शांति के अभियान का एक व्यापक जनाधार तय हो सकेगा। एक बड़ी सच्चाई यह है कि हमारे दैनिक जीवन में बहुत सा दुख-दर्द और तनाव हिंसा व हिंसक सोच के कारण उत्पन्न होते हैं। विश्व स्तर पर घरेलू हिंसा के आंकड़ों को देखें व महिलाओं पर होने वाली हिंसा के आंकड़ों को देखें तो ऐसा लगेगा कि यह एक निरंतर चल रहा युद्ध है, जिसमें हजारों महिलाएं प्रतिदिन मारी जा रही हैं या घायल हो रही हैं। इसी तरह विभिन्न स्थितियों में बच्चों पर भी हिंसा की मार बहुत अधिक है। अधिक व्यापक स्तर पर देखें तो जो भी अपने को अधिक सशक्त पा रहे हैं, वह अशक्त या कमजोर पर हिंसा कर रहे हैं। इसे हम विभिन्न तरह के शोषण व उससे जुड़ी हिंसा, जाति-धर्म-नस्ल-रंग आदि पर आधारित भेदभावों से जुड़ी हिंसा के रूप में देख सकते हैं। स्कूल में कच्ची उम्र में ही कुछ अधिक शक्तिशाली स्थिति के छात्र दूसरे छात्रों पर हिंसा कर रहे हैं।

# कसौटी पर ख़रा उतरने की चुनौती!

**इस्लाम भेदभाव के बजाय समानता की तालीम देता है। उन्हें सबसे बड़े सेवक के तौर पर शहर के विकास और जनकल्याण के कार्य करने का अवसर मिला है। मतदाताओं ने ट्रंप की धमकियों के बावजूद उन्हें कामयाब किया है। अब ममदानी के पास लोगों के सपने पूरे करने का मौका है। ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि ज़ोहरान ममदानी के मेयर बनने के बाद वह न्यूयॉर्क के लिए आवश्यक संघीय धन को सीमित करेंगे, ताकि उनकी आर्थिक शक्ति कमजोर रहे और वह अपनी लोकप्रियता खो दें। कम्युनिस्ट के नेतृत्व में इस महान शहर की सफलता या समृद्धि की कोई संभावना नहीं है।**



एम.ए. कंवल जाफरी
मो. 91 9917767622, 9675767622

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कड़े विरोध और धमकी के बावजूद ज़ोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क का मेयर बनकर इतिहास रचा। पिछली सदी के पहले मुस्लिम, पहले भारतीय मूल और सबसे कम उम्र के मेयर ममदानी 1 जनवरी 2026 को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। इस जीत से अमेरिकी राष्ट्रपति और इजराइली प्रधानमंत्री को कोई खुशी नहीं हुई, लेकिन इसका सर्वत्र स्वागत किया गया। ज़ोहरान क्वामे ममदानी 2018 में अमेरिकी नागरिक बने। 2020 के विधानसभा चुनाव में चार बार की विधानसभा सदस्य अरावेला सिमोटॉस को हराने और दूसरे कार्यकाल के लिए निर्विरोध निर्वाचित ज़ोहरान ममदानी के मेयर के अहम और मुश्किल चुनाव में जीत से साबित हो गया कि अमेरिका की राजनीति में मुसलमान, आप्रवासी और मजदूर वोट बैंक की कतारों से निकलकर प्रतिनिधित्व की पंक्ति में आ खड़े हुए हैं। चुनाव में सियासी दमखम, लोकतांत्रिक दृष्टिकोण, नारों की गूंज और वादों का बड़ा महत्व होता है। इस चुनाव में अहम मुद्दों के साथ जनकल्याणकारी वादे भी किए गए। अमेरिका में किराया संकट, परिवहन की बढ़ती दरें, आसमान छूती मंहगाई, रोजगार की अविश्वसनीयता, युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों की कमी, बच्चों की देखभाल का खर्च और पुलिस व्यवस्था में असमानता जैसे मुद्दे उठाए और चार बड़े वादे किए गए। वादों में किरायेदारों के लिए किराया स्थिर करना, मजदूरों और छात्रों के लिए मुफ्त बस सेवा, दैनिक उपभोग के ज़रूरी सामान के लिए सरकारी स्टोर और कामकाजी परिवारों के बच्चों की देखभाल के लिए मुफ्त बाल केंद्र खोलना शामिल हैं। सस्ते, आवासों का निर्माण, 30 डॉलर प्रतिघंटा मज़दूरी, एलजीबीटी अधिकार और पुलिस सुधार के वादों ने शहरी राजनीति को सार्वजनिक आवश्यकताओं की राजनीति में बदल दिया।



ज़ोहरान ममदानी

ज़ोहरान ममदानी का जन्म 18 अक्टूबर 1991 को युगांडा के शहर कंपाला में हुआ। मुंबई में पैदा उनके पिता और कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध समाजशास्त्री प्रोफेसर महमूद ममदानी का संबंध शिया मुस्लिम गुजराती परिवार से है, जबकि मां अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फिल्म निर्माता मीरा नायर का ताल्लुक ओडिशा के राउरकेला के पंजाबी हिंदू परिवार से है। कुछ समय दक्षिण अफ्रीका में रहकर यह परिवार अमेरिका के प्रसिद्ध शहर न्यूयार्क में आबाद हो गया। ज़ोहरान ममदानी ने 2024 में न्यूयार्क के मेयर का चुनाव लड़ने की घोषणा की। यूं तो यह चुनाव स्थानीय निकाय चुनाव था, लेकिन ममदानी के धर्म और राष्ट्रपति ट्रंप के कड़े विरोध के कारण यह चुनाव दिलचस्प और दुनिया की तवज्जह का केंद्र बन गया। इज़राइल को अमेरिकी मदद रोकने के पक्षधर ममदानी (34) आरंभ से ही बढ़त बनाए रहे। चुनाव में 20 लाख (91 प्रतिशत) से अधिक वोट पड़े, जो 1969 के बाद सबसे अधिक है। उन्होंने आजाद उम्मीदवार और न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्र्यू कुओमो और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा को हराया। ट्रंप की कुओमो के समर्थन की घोषणा कारगर साबित नहीं हुई। 26 अरबपतियों के 2.2 करोड़ से अधिक डॉलर खर्च कर भी ममदानी को नहीं रोका जा सका। ममदानी को 10,36,051 वोट (50.5 प्रतिशत) प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी और ट्रम्प समर्थित कुओमो को 7,76,547 वोट (41.3 प्रतिशत) और स्लिवा को केवल 1,37,030 वोट (7.1 प्रतिशत) मिले। ममदानी 111 वर्षों में न्यूयॉर्क के 111वें और सबसे कम उम्र के मेयर बने। उन्हें करीब 67 प्रतिशत यहूदी वोट मिले। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा व बिल क्लिंटन और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने उन्हें बधाई दी। ममदानी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को आव्रजन पर चुनौती दी और राजनीतिक भाई-भतीजावाद समाप्त करने का आह्वान किया। कहा, दोस्तों! हमने राजनीतिक वंश को उखाड़ फेंका। हम एक ऐसी राजनीति को उलट रहे हैं जो कुछ लोगों की सेवा करती थी। हम इसलिए जीते, क्योंकि न्यूयॉर्कवासियों ने खुद को यह विश्वास दिलाया कि असंभव को संभव बनाया जा सकता है। हम पर राजनीति थोपी नहीं जाएगी, बल्कि वह चीज़ होगी, जो हम खुद बनाएंगे। ट्रंप की राजनीति अमेरिका प्रथम, मुस्लिम पाबंदी, आप्रवासी विरोधी, घृणित बयानबाजी और धमकी पर आधारित थी। शालीनता की हदें पार कर ममदानी को पागल कम्यूनिस्ट और उसे वोट करने वाले यहूदियों को बेवकूफ और यहूदी विरोधी कहा गया। ज़ोहरन ममदानी की जीत पर न्यूयॉर्क की आर्थिक मदद रोकने की धमकी दी गई। मुस्लिम आप्रवासी का जीतना ट्रंप विचारधारा की प्रतीकात्मक हार है। यह जीत आप्रवासियों और मुस्लिम समुदायों के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व का संकेत है। यह मुसलमानों और अल्पसंख्यकों को संकेत देती है कि वे अमेरिकी लोकतंत्र में मुख्यधारा के नेतृत्व तक पहुंच सकते हैं। यह जीत अमेरिकी राजनीति के बदलते स्वरूप का संकेत है। इसका अमेरिका, डेमोक्रेटिक पार्टी और डोनाल्ड ट्रंप पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। मेयर शहर का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होता है। उसके पास सभी एजेंसियों, विभागों और कर्मचारियों को नियंत्रित करने, बजट तैयार करने, प्रस्ताव देने व लागू करने का अधिकार होता है। उसे कई विभागों और मिशनों के प्रमुखों की नियुक्ति करने का हक भी है।

ज़ोहरान ममदानी न्यूयॉर्क को सिर्फ ऊंची इमारतों का शहर नहीं, बल्कि साझा ज़िंदगी के अनुभवों का शहर मानते हैं। उनका ताल्लुक ऐसे भारतीय-अफरीकी-अमेरिकी परिवार से है, जिसे तीन महाद्वीपों का अनुभव है। उनकी सियासत में मज़हब या नस्ल की बजाय शांति, न्याय और समानता नज़र आती है। इस जीत ने साबित कर दिया कि अब अब्दुल सिर्फ पंक्चर ही नहीं जोड़ता, बल्कि लोगों के दिल जोड़कर न्यूयॉर्क जैसे शहर का मेयर भी बन जाता है। मुसलमानों में मिसाइलमैन, वैज्ञानिक, गणितज्ञ और खगोलशास्त्री के साथ हर क्षेत्र के उच्च पदों पर पहुंचने की सलाहियत है। अमेरिका से बाहर पैदा होने के कारण ममदानी संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव तो नहीं लड़ सकते, लेकिन विधानसभा सदस्य और मेयर के रूप में जनसेवा ज़रूर कर सकते हैं। इस्लाम भेदभाव के बजाय समानता की तालीम देता है। उन्हें सबसे बड़े सेवक के तौर पर शहर के विकास और जनकल्याण के कार्य करने का अवसर मिला है। मतदाताओं ने ट्रंप की धमकियों के बावजूद उन्हें कामयाब किया है। अब ममदानी के पास लोगों के सपने पूरे करने का मौका है। ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि ज़ोहरान ममदानी के मेयर बनने के बाद वह न्यूयॉर्क के लिए आवश्यक संघीय धन को सीमित करेंगे, ताकि उनकी आर्थिक शक्ति कमजोर रहे और वह अपनी लोकप्रियता खो दें। कम्युनिस्ट के नेतृत्व में इस महान शहर की सफलता या समृद्धि की कोई संभावना नहीं है। वह न्यूयॉर्क को आर्थिक और सामाजिक अराजकता में धकेल देंगे और शहर के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो जाएगा। राष्ट्रपति के विरोध और फंडिंग्स से हाथ खींचने की स्थिति में ममदानी का जनता की कसौटी पर खरा उतरना आसान नहीं है। उन्हें सीमित संसाधनों से राजनीतिक शतरंज की बिसात पर एक मंझे खिलाड़ी की तरह आगे बढ़ना होगा, ताकि चुनाव में किए गए वादों को पूरा कर शहर के विकास और जनसेवा को यकीनी बनाया जा सके।

# नगरीय निकाय गजेटियर तैयार होगा

## प्रत्येक परिवार का ब्यौरा दर्ज किया जायेगा



**बिजनौर (चिंगारी)।** नगरीय क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से नगरीय निकाय गजेटियर तैयार किये जाने हेतु बिजनौर नगर पालिका परिषद की बैठक का आयोजन हुआ। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने किया। पालिका के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित बैठक में मुरादाबाद मंडल के आयुक्त के निर्देश पर तैयार किये जा रहे नगरीय निकाय गजेटियर के उद्देश्य पर चर्चा की गई। पालिकाध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि नगर के प्रत्येक परिवार की आर्थिक, सामाजिक स्थिति का प्राथमिक आंकड़ा संकलन के लिए नगर निकाय गजेटियर तैयार किया जा रहा है। इस कार्य के लिए घर-घर जाकर प्राथमिक सूचनाओं का डाटा कलेक्ट किया जाना है, ताकि भविष्य की विकास कार्य योजना तैयार की जा सके। साथ ही नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कराई जा सकें।

अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि जो सूचना संकलित की जानी है, उनमें नगर क्षेत्र में रह रहे प्रत्येक परिवार की आर्थिक, सामाजिक स्थिति के साथ सरकार से मिलने वाली सुविधाओं का आंकड़ा भी लिया जायेगा। इस कार्य के लिए हर वार्ड में दो-दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। डाटा संकलन में किसी तरह की चूक न हो पाए, इसके लिए क्रास चैकिंग का भी प्रावधान किया गया है। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह, कर अधीक्षक नरेंद्रपाल सिंह, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, अवर अभियंता सिविल यशवंत सिंह, अवर अभियंता जलकल गौरव शर्मा, कर निरीक्षक सुंदरलाल, सभासद जुल्फिकार बेग उर्फ बेबी, तुफैल अहमद, संजय बिश्नोई, प्रभाकर, घनश्याम दास गुप्ता आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# अनुभा सिंगल का स्वागत किया




**बिजनौर (चिंगारी)।** गोल्डन लॉयनेस क्लब बिजनौर सिटी द्वारा मुख्य अतिथि जी.एल. अनुभा सिंगल का भव्य स्वागत किया गया। क्लब की अध्यक्ष काजल भट्नागर, सचिव रुपाली भाटिया व कोषाध्यक्ष शिखा राजपूत ने पुष्पगुच्छ, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। मुख्य अतिथि जी.एल. अनुभा सिंगल ने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं सेवा कार्यों में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्याएं उत्साहपूर्वक उपस्थित रहीं और कार्यक्रम को सफल बनाया। समारोह का संचालन गरिमामयी वातावरण में किया गया। क्लब की सदस्य जी.एल आंचल भट्नागर ने मुख्य अतिथि के लिए बहुत सुंदर वर्णन कर सबका मन मोह लिया।

# एक लाख रुपये डाउन पेमेंट पर ट्रैक्टर लेकर हो गया गायब

**एजेंसी मालिक शेष रकम के लिये भटक रहा**

**चांदपुर (चिंगारी)।** ट्रैक्टर एजेंसी स्वामी ने एक व्यक्ति पर डाउन पेमेंट पर एक लाख रुपए जमा कर ट्रैक्टर ले जाने तथा एक माह बाद भी उक्त ट्रैक्टर पर लोन न कराने तथा मोबाइल फोन बन्द कर लेने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में मेजर सिंह पुत्र गरीब सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर भवर ने बताया कि उसकी बास्टा रोड पर सिंह ट्रैक्टर्स के नाम से ट्रैक्टर की एजेंसी है। मेजर सिंह के अनुसार 12 अक्टूबर को उसकी एजेंसी पर संजीव कुमार, निवासी ग्राम असगरपुर बहादरपुर आया और उससे एक ट्रैक्टर स्वराज 744 एक्स टी डाउन पेमेंट पर एक लाख रुपए जमा कर ले गया, न तो अभी तक उक्त ट्रैक्टर पर लोन कराया और न ही उससे सम्पर्क किया और अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया। मेजर सिंह ने बताया कि वे 13 अक्टूबर को संजीव कुमार के घर गया तो उसे पता चला कि संजीव न तो घर आया और न ही उसके घर पर ट्रैक्टर था। 7 नवम्बर को वे संजीव कुमार के घर गया तो वहां उसे कोई नहीं मिला। मेजर सिंह ने आशंका जताई है कि संजीव की नीयत में बंदी आ गई है और उसने उसके ट्रैक्टर को किसी व्यक्ति को बेच दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मंदिर में होगी भागवत कथा

**चांदपुर (चिंगारी)। श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम सेवा समिति एवं तत्वज्ञान साधना समिति के तत्वावधान में नगर के मुहल्ला गोकुलनगर स्थित श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम में श्री लक्ष्मी नारायण की प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव पर 20 नवम्बर से 26 नवम्बर तक दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक कथा व्यास पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी महाराज द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा की जाएगी। 27 नवम्बर को प्रातः 9 बजे से हवन तथा दोपहर 12 बजे से प्रसाद वितरण किया जायेगा।**

# वीरा चेरिटेबिल सोसायटी ने कराई वॉलीबाल व रस्साकशी प्रतियोगिता

**बिजनौर (चिंगारी)।** वीरा चेरिटेबिल सोसायटी धर्मनगरी बिजनौर के तत्वावधान में बुधवार को 31वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह के अंतर्गत वॉलीबाल टूर्नामेंट व रस्साकशी खेल का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ राजकुमार स्पोर्ट ऑफिसर बिजनौर, वीरा सोसायटी सदस्य प्रवीण गुप्ता, संस्था निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल, प्राचार्य प्रो. (डॉ.) एम.एस. कौरव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

जूनियर वर्ग में आरजेपी इंटर कॉलेज, वीरा इंटर कॉलेज धर्मनगरी, डीडीपीएस व सीनियर वर्ग में कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीन्यरिंग एंड मैनेजमेंट और वीरा डिग्री कॉलेज बिजनौर ने भाग लिया।

जूनियर वर्ग में वीरा इंटर कॉलेज धर्म नगरी और आरजेपी इंटर कॉलेज फ़ाइनल में पहुंचे, जिसमें वीरा इंटर कॉलेज धर्मनगरी ने आरजेपी इंटर कॉलेज को पराजित किया। सीनियर वर्ग में कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट व कुं. सत्यावीरा डिग्री कॉलेज



के बीच रहा, जिसमें कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट की टीम विजेता रहे।

रस्साकशी में कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट ने जीत हासिल की। वॉलीबॉल में रैफरी की भूमिका उपलक्ष नरवाल व रजत कुमार ने तथा रस्साकशी में सुधीर लाबा ने अहम भूमिका निभाई।

विजेता व उपविजेता टीम को प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल एवं प्राचार्य प्रो. (डॉ.) एम.एस. कौरव व डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा ने पुरस्कृत किया। प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु स्पोर्ट ऑफिसर डॉ. अभिषेक चौधरी, विवेक कुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल, विमल कश्यप, डॉ. फैसल अंसारी, डॉ. वैभव पुंडीर, ललित राठी, रजत मनोज यादव, नरेंद्र सिंह, विभोर राजवंशी, अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम कुमार एवं सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि को बधाई दी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, भतीजा घायल

**धामपुर (चिंगारी)।** काशीपुर-हरिद्वार नेशनल हाइवे पर स्वास्तिक गार्डन के पास देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा महिला का भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएससी) में भर्ती कराया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। सूचना मिलने पर धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी। मृतक महिला की पहचान स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव गंगाधरपुर निवासी 35 वर्षीय सोनम पत्नी कोमल सिंह के रूप में हुई। सोनम अपने परिजनों के साथ थाना नगीना के गांव समसपुर सद्दो में एक रिश्तेदारी के कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं, बताया जा रहा है कि देर शाम सभी लोग अपने गांव लौट रहे थे। कुछ परिजन अन्य वाहनों में सवार थे, जबकि सोनम अपने 27 वर्षीय भतीजे प्रदीप कुमार पुत्र करण सिंह, निवासी गंगाधरपुर के साथ बाइक से लौट रही थीं। जब वे धामपुर थाना क्षेत्र में नगीना रोड स्थित स्वास्तिक गार्डन के पास पहुंचे, तो हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोनम और प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे आ रहे अन्य परिजनों ने दोनों को सीएससी धामपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सोनम को मृत घोषित कर दिया। प्रदीप की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया।



अस्पताल में विलाप करते हुए मृतका के परिजन।

## डीएवी में छात्र-छात्राओं को दी फर्स्ट एड व सीपीआर की जानकारी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** रोटरी व इनरव्हील क्लब पिंक की ओर से बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को फर्स्ट एड एवं सीपीआर के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आरंभ रोटरी क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन व विद्यालय प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात मैठाणी मेडिकल सेंटर के फार्मासिस्ट अब्दुल हलीम ने सीपीआर पर जानकारी देते हुए कहा कि आजकल हृदय रोग के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है, इसमें सीपीआर एक प्राथमिक उपचार है। इससे हम हृदय रोग के मरीज की जान बचा सकते हैं। बताया कि जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रूक जाती है तब सीपीआर दिया जाता है। मौके पर छात्रों को प्रयोगात्मक रूप से सीपीआर व फर्स्ट एड पर जानकारी दी गई। इस दौरान क्लब सचिव विजय कुमार, वाई पी गिलरा, इनरव्हील क्लब पिंक की अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल, सचिन गोयल, वाई पी गिलरा और ज्योति स्वरूप उपाध्याय सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे प्रेमी-प्रेमिका के बीच सरेआम मारपिटाई

**धामपुर (चिंगारी)।** बुधवार की देर रात धामपुर रोडवेज बस स्टैंड पर उस समय एक अनोखा नजारा देखने को मिला, जब चार साल से साथ रह रहे प्रेमी-प्रेमिका के बीच प्यार से शुरू हुआ रिश्ता झगड़े और मारपीट में बदल गया। बात इतनी बढ़ी कि हाथापाई, चीख-पुकार और गाली-गलौज सुनकर बस स्टैंड पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई।

जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के गांव बुढ़नपुर निवासी एक युवती पिछले चार साल से गजरौला निवासी कपिल गोस्वामी के साथ धामपुर की फूलबाग कॉलोनी में किराये के मकान में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दोनों की मुलाकात नौकरी के दौरान हुई थी और फिर धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई। कपिल और युवती ने मिलकर एक साथ जिंदगी बिताने के सपने भी देखे थे। लेकिन, बीते कुछ दिनों से दोनों के बीच अनबन शुरू हो गई। बताया जाता है कि नाराज होकर युवती अपने घर धामपुर फूल बाग कॉलोनी में आ गई और चार दिन से कपिल का फोन तक उठाना बंद कर दिया। प्यार में बेचैन कपिल बुधवार को सीधे गजरौला से धामपुर आ पहुंचा। रात करीब आठ बजे रोडवेज बस स्टैंड पर जब दोनों का आमना-सामना हुआ, तो माहौल अचानक बदल गया। कपिल ने जब साथ चलने को कहा, तो युवती ने साफ इनकार कर दिया। बस फिर क्या था कहासुनी, आरोप-प्रत्यारोप और झगड़ा और मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच युवती की मां भी मौके पर पहुंच गईं, जिन्होंने कपिल को डांट लगाई। देखते ही देखते मामला इतना गर्म हो गया कि तीनों के बीच मारपीट और गाली-गलौज शुरू हो गई। रोडवेज पर लोगों की भीड़ लग गई। कोई वीडियो बना रहा था, कोई तमाशा देख रहा था। हंगामा इतना बढ़ा कि सूचना पर कोतवाल मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी को शांत कराया। पुलिस कपिल और युवती दोनों को कोतवाली ले गई। देर रात तक ड्रामा चलता रहा। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

## बाबू जी मेमोरियल स्कूल में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर के बाबूजी मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



प्रधानाचार्या रजनी चौहान तथा एम.डी. वकील अहमद के निर्देशन में और शिक्षक आदर्श जोशी, योगेंद्र कुमार, मौ. फैशल, हिमांशु कुमार और राहुल कुमार के नेतृत्व में आयोजित किये गए कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी मौ शादाब ने फीता काट कर किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, संघर्ष और टीम वर्क की भावना पैदा होती है। प्रतियोगिता में लैमन, बैलून रेस में उमैर, निशांत, ज़ोया, सुनैना, रिया, फरहा और सैक रेस में अभिनव, मनु, कृष्णा, समद, उज्जम, अम्मार ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम दिन बच्चों ने ताइक्कांडो का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन कहकशा व रीज़ा ने किया और आयोजन में शोना, मुस्कान मुस्तकीम, राहुल कुमार, हिमांशु कुमार, योगेंद्र कुमार, आदर्श, मौ. फ़ैशल, रश्मि चौहान, नाज़मीन, मुसकान, नेहा, साक्षी, आलिया, मौ. खालिद आदि का विशेष योगदान रहा।

## स्यालिंगा विद्यालय में कार्यक्रम करके आयोजित छात्र-छात्राओं को स्वेटर व पाठ्य सामग्री की वितरित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** दुगड्डा ब्लाक के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्यालिंगा में बुधवार को ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को स्वेटर व पाठ्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का आरंभ देव भूमि उत्कर्ष सेवा समिति के कार्याध्यक्ष डाक्टर रमाकांत कुकरेती, नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र के अध्यक्ष अनुराग कंडवाल,विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह रावत व समिति के मनमोहन काला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों को स्वेटर एवं शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर समिति संस्थापक निदेशक राम भरोसा कंडवाल ने अभिभावकों एवं गुरुजनों से अनुरोध किया कि हमें आदर्श नागरिक एवं अधिकारी तैयार करने हैं जो राष्ट्र के गौरव को विश्व में बुलंद करें और यह तभी हो सकता है जब स्कूलों में संस्कारित शिक्षा का माहौल बने। कहा कि देश में खुशहाली लानी है तो एक समान शिक्षा नीति तैयार करनी होगी। विद्यालय प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह रावत ने समिति पदाधिकारियों का दुर्गम स्थान स्थित विद्यालय पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि समिति 80 के दशक से निरंतर सामाजिक हित में कार्य कर रही है जो सराहनीय है। इस अवसर पर नंदन सिंह नेगी, जगत सिंह नेगी, दिनेश चौधरी, ललित मोहन काला, मुलायम सिंह, अन्नू अग्रवाल, राखी सैनी और अंजलि रावत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## गैण्डीखाता में नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाया, 72 लोगों ने लाभ उठाया

**लालढांग (चिंगारी)।** लालढांग क्षेत्र के गैंडीखाता गांव में आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी हरिद्वार के निर्देशानुसार आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों ने आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ उठाया।



बुधवार को गैंडीखाता स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर गैंडीखाता के सौजन्य से बोक्साबस्ती गैंडीखाता में नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 72 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें शुगर, हाई ब्लड प्रेशर और हीमोग्लोबिन की नि:शुल्क जांच की गई एवं औषधि वितरण की गई। शिविर में मरीजों को विभिन्न बीमारियों हेतु और स्वास्थ्य संबंधित रोगों से बचाव व समय पर चिकित्सकों की सलाह के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में योग अनुदेशक द्वारा योग कराकर लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति निरोग रहने के लिए अपने जीवन में प्रतिदिन योग के महत्व को बताया गया।

चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से डॉ. संजय कुमार (चिकित्साधिकारी), श्रीमती शीला चमोली (फार्मेसिस्ट), कु. अदिति वर्मा (योग अनुदेशक), महावीर नेगी (एमपी डब्लू), सुनीता कलूड़ा (आशा कार्यकर्ता) शामिल थे। शिविर में ग्रामीणों ने पहुंचकर आयुर्वेदिक चिकित्सा की महत्व को समझ कर अपने स्वास्थ्य की जांच कर कर नि:शुल्क औषधियां प्राप्त की।

# आर.आर. पब्लिक स्कूल में हुआ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



आरआर पब्लिक स्कूल में यातायात के नियम बताते अधिकारी।

**नूरपुर (चिंगारी)।** बुधवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आरआर पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने यातायात से संबंधित सावधानियां और नियमों के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त करते हुए सुरक्षित जीवन की शपथ ली। यह कार्यक्रम यातायात पुलिस विभाग के सहयोग से संचालित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में यातायात अधिकारी संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने बच्चों को बताया कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, सड़क पार करने के नियम, ट्रैफिक सिग्नलों की समझ और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखना, जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। छात्रों ने उत्साहपूर्वक अपने-अपने सवाल पूछे और अपने अनुभव साझा किए। स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम ने विद्यार्थियों को उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि छोटी-छोटी सावधानियां कैसे जान बचा सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन चंचल कटारिया ने किया। इस अवसर पर हरेंद्र कुमार, मिथुन लाल, नीरज त्यागी, विरेंद्र चौहान, स्वाति यादव, संजीव डबास, कपिल कुमार, मुकुल शर्मा, कपिल बब्बर, तरूण गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# मील का पत्थर साबित होगी 25 नवम्बर की बैठक : चन्द्रहास



**बिजनौर (चिंगारी)।** 25 नवंबर को दिल्ली में पुरानी पेंशन वाली की मांग को लेकर होने वाली महारैली की सफलता के लिए इरिगेशन मिनिस्ट्रियल संगठन सिंचाई एवं भंडार कर्मचारी संघ व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की संयुक्त बैठक डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह के संचालन में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि 25 नवंबर की महारैली पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष में मील का पत्थर साबित होगी और संघर्ष को सफलता के आयाम पर पहुंचाएगी। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा एवं जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा ये श्रेय और अस्तित्व का नहीं भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा का है। इरिगेशन मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भंडार कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार दिवाकर एवं सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। बैठक में अटेवा आईटी सेल जिला प्रभारी आकाश दीप, दीपक कुमार, वीरपाल सिंह, पवन कुमार, अवधेश कुमार, विनय कुमार, हेमेंद्र कुमार, संजय कुमार, मुनेंद्र सिंह, राहुल कुमार, दिलीप सिंह, सुनील कुमार, जागेश, नितिन कुमार आदि ने सम्बोधित किया।

# एजाज हत्याकाण्ड में तीन को आजीवन कारावास

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सक्षम ने एजाज हत्याकांड में जावेद, नौशाद उर्फ सागर और बाबू को दोषी मानकर आजीवन कारावास और 25-25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जावेद से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद होने पर उसे दो वर्ष की कैद और दो हजार रुपये अर्थदंड की अतिरिक्त सजा भी सुनाई गई।

जिला शासकीय अधिवक्ता वरुण राजपूत के अनुसार हाफिज अहमद पुत्र शफीक अहमद निवासी मोहल्ला कटारमल थाना चांदपुर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसका भतीजा एजाज उम्र 18 वर्ष फर्नीचर बनाने का काम मजदूरी पर करता था। 16 दिसंबर 2016 को शाम के समय घर से लापता हो गया, इसके संबंध में हाफिज के भाई खलील ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसी दिन शाम के समय हाफिज, उसका भाई और परिवार के लोग एजाज की तलाश कर रहे थे, तभी हाफिज के घर पर मजीद और भूरे आए और उन्होंने बताया कि जावेद और नौशाद उर्फ सागर एजाज को घर से बुलाकर कराल रोड स्थित बाबू चाय वाले के कमरे पर ले गए, वहां पर बाबू के कमरे में ही एजाज का गला घोंटकर और चाकू से हमला करके उसकी हत्या कर दी तथा एजाज की लाश बोरे में बंद करके बाबू की कार से कहीं डाल दिया। उक्त मामले में तीनों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही से एजाज का शव भी बरामद किया तथा जावेद की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया। विवेचना में पता चला कि जावेद और नौशाद उर्फ सागर, एजाज के साथ ही काम करते थे तथा उससे अक्सर पैसे मांगते रहते थे, जिसे देने से एजाज मना करता था। इसी रंजिश पर उसकी हत्या की। इस मामले में सुनवाई के दौरान गवाह खलील, हाफिज, नफीस, नसीम, एसआई चंद्रवीर सिंह, डॉ. प्रकाश, विवेचना अधिकारी फतेह सिंह, विवेचना अधिकारी अखिलेश आदि के बयान न्यायालय में दर्ज कराए गए। उक्त मामले में न्यायाधीश संजय कुमार सक्षम ने अभियुक्तों को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है।



# जानलेवा हमले में हिस्ट्रीशीटर को उम्रक़ैद

**किरतपुर (चिंगारी)।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बिजनौर पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी से जानलेवा हमले के एक हिस्ट्रीशीटर को न्यायालय ने आजीवन कारावास और 62,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला थाना किरतपुर क्षेत्र के ग्राम शादीपुर जौना का है। वादी राजवीर सिंह पुत्र किशन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अभियुक्त राजन पुत्र नरपाल, निवासी ग्राम शादीपुर जौना, उसके बड़े भाई महवीर के साथी से गाली-गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर अभियुक्त ने तमंचे से फायर कर महावीर को घायल कर दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले में मुकदमा दर्ज किया और आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन विभाग और मॉनिटरिंग सेल की सशक्त पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त राजन पुत्र नरपाल थाना किरतपुर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी (हिस्ट्रीशीट सं. 101 ए) है, जिसके विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में गैंगस्टर समेत एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# गोल्डेन लायनेस क्लब ने आयोजित की पोस्टर प्रतियोगिता



**बिजनौर (चिंगारी)।** गोल्डेन लायनेस क्लब मेन, बिजनौर ने स्थानीय रेनबो स्कूल में जल संरक्षण अभियान प्रोजेक्ट के तहत 5वीं क्लास के बच्चों से इस विषय पर पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता कराई। समाजसेवी संस्था गोल्डेन लायनेस क्लब मेन की अध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव विनीता रघुवंशी, उपसचिव अंशुल खेड़ा के साथ विश्व के सामने उपस्थित बड़ी समस्या जल की कमी एवं उसके संरक्षण पर एक पोस्टर प्रतियोगिता कराई। प्रतियोगिता में बच्चों ने अद्भुत विचारों से अपने पोस्टर बनाए एवं उनमें रंग भरा क्लब एडवाइजर एवं पी.डी.सी.पी अरूणा मित्तल एवं डि. सेक्रेटरी मनुश्री ने निर्णायक के रूप में प्रथम इनाया अंसारी, द्वितीय सोनल सैनी एवं तृतीय जाफरीन को घोषित किया। इसके अलावा 3 सांत्वना पुरस्कार एवं प्रतियोगिति में भाग लेने वाले सभी बच्चों को गिफ्ट दिए गए। क्लब सचिव विनीता रघुवंशी ने बच्चों को दैनिक कार्यों में जल के बचाव रास्ते में खुली टंकियों एवं आरो मशीन से निकलने वाले वेस्ट पानी के सदुपयोग एवं वर्षा से होने वाले पानी के संचयन के बारे में बताया। क्लब अध्यक्ष ने रेनबो स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती डॉली जैन को सहयोग के लिए गुलदस्ता भेंट करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रभा सिंह, रेखा अग्रवाल एवं उपसचिव अंशुल खेड़ा ने उल्लेखनीय योगदान किया।

# कृष्णा कॉलेज में सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला का समापन



**बिजनौर (चिंगारी)।** कृष्णा कॉलेज में शिक्षा विभाग में सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइन्स की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यशाला के तीसरे दिन प्रवक्ता प्रतिमा ने पुनर्बलन कौशल को पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया, पुनर्बलन कौशल के प्रत्येक घटक को उदाहरण के माध्यम से समझाया गया। जैसे प्रशंसात्मक शब्दों का प्रयोग विद्यार्थी के उत्तर को श्यामपट्ट पर लिखना, सकारात्मक एवं नकारात्मक शाब्दिक पुनर्बलन का उपयोग, हतोत्साहित करने वाले शब्दों का प्रयोग न करना पुनर्बलन का अनुचित प्रयोग न करना आदि। मध्यांतर के बाद प्रवक्ता अंशिका राव ने दृष्टांत कौशल पर अपना व्याख्यान प्रारंभ किया तथा पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को दृष्टांत कौशल के प्रत्येक घटक एवं महत्व को समझाया गया। अंत में विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासा की संतुष्टि के लिए अनेक प्रश्न भी पूछे एवं अपने-अपने विषय की दृष्टांत कौशल की पाठ योजना भी बनाई तथा सूक्ष्म शिक्षण की कार्यशाला का समापन के विभाग अध्यक्ष एमएस अंसारी ने किया। कार्यशाला के तीसरे दिन को सफल बनाने में अन्य प्रवक्ता सुनील कुमार, प्रतिमा एवं अंशिका राव का विशेष योगदान रहा।

# डीएनए परीक्षण से डॉ. उमर नबी के विस्फोटक वाली कार में होने की पुष्टि हुई

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** डीएनए परीक्षण से पुष्टि हो गयी है कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास जिस कार में विस्फोट में हुआ था उसे डॉ. उमर नबी ही चला रहा था क्योंकि उसके स्टीयरिंग व्हील में मिले पैर के हिस्से और नबी की मां के डीएनए नमूने आपस में मिल रहे हैं।

दिल्ली पुलिस के अनुसार नबी की माँ के डीएनए नमूने और नबी के पैर के डीएनए आपस में मैच हो रहे हैं। जांचकर्ताओं को यह सफलता तब मिली जब डॉ. नबी का पैर कार के स्टीयरिंग व्हील और एक्सीलेटर के बीच फंसा हुआ पाया गया। इससे संकेत मिलता है कि विस्फोट के समय वह कार चला रहा था।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, कुल 21 जैविक नमूने जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल ) भेजे गए थे। लाल किला विस्फोट में मुख्य संदिग्ध सहित कुल 12 लोगों की मौत हुई थी। शेष नमूने अन्य पीड़ितों के जैविक अवशेषों और आसपास के क्षतिग्रस्त, वाहनों विस्फोट से प्रभावित कारों और एक ई-रिक्शा से एकत्र किए गए थे।



एफएसएल ने डॉ. नबी की पहचान की पुष्टि के लिए उसकी माँ से डीएनए नमूने एकत्र किए। वह 10 नवंबर की शाम को लाल किले के पास हुए विस्फोट में शामिल कार चला रहा था जिसमें 12 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए ।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, डॉ. नबी को दिल्ली की ओर जाने से पहले मुंबई एक्सप्रेसवे और कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर भी वाहन के साथ देखा गया था। जाँच एजेंसियाँ वाहन की गतिविधियों की विस्तार से जाँच कर रही हैं।

इस बीच विस्फोट स्थल से 500 मीटर के दायरे में एक बाज़ार के गेट की छत पर एक कटा हुआ हाथ भी मिला, जिससे जाँच और तेज़ हो गई है। दिल्ली पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि आज सुबह अस्पताल में एक और पीड़ित ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

इसी से संबंधित एक घटनाक्रम में अधिकारियों ने अल फलाह विश्वविद्यालय स्थित कमरों से डॉ. नबी और डॉ. मुजम्मिल की डायरियाँ बरामद की हैं। एक पुलिस सूत्र ने बताया, ये डायरियाँ मंगलवार और बुधवार को अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर के अंदर से मिलीं। एक डॉ. नबी के कमरा नंबर 4 से और दूसरी डॉ. मुजम्मिल के कमरा नंबर 13 से बरामद की गई।

इसके अलावा, पुलिस ने डॉ. मुजम्मिल द्वारा इस्तेमाल किए गए एक कमरे से एक और डायरी ज़ब्त की। यह वही जगह है जहाँ से पहले 360 किलो विस्फोटक ज़ब्त किया गया था। यह कमरा अल फलाह विश्वविद्यालय से लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। पुलिस सूत्रों ने बताया, बरामद डायरियों और नोटबुक्स में कोड शब्द हैं, जिनमें 8 नवंबर से 12 नवंबर के बीच की तारीखों का ज़िक्र है। डायरियों में ऑपरेशन शब्द कई बार लिखा है।

## डॉ. उमर, मुजम्मिल कमरों से मिलीं डायरियां

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** राजधानी में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार विस्फोट मामले की जाँच कर रही एजेंसियों ने अल फलाह विश्वविद्यालय स्थित डॉ. उमर नबी और डॉ. मुजम्मिल के कमरों से उनकी डायरियाँ बरामद की हैं। एक पुलिस सूत्र ने बताया, ये डायरियाँ मंगलवार और बुधवार को अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर के अंदर से बरामद की गईं। इनमें से एक डॉ. उमर के कमरा नंबर चार से और दूसरी डॉ. मुजम्मिल के कमरा नंबर 13 से बरामद की गयीं।फ्र इसके अलावा, पुलिस ने डॉ. मुजम्मिल द्वारा इस्तेमाल किए गए एक कमरे से एक और डायरी भी ज़ब्त की हैं। यह वही जगह है जहाँ से पहले 360 किलोग्राम विस्फोटक ज़ब्त किया गया था। यह कमरा अल फलाह विश्वविद्यालय से लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। पुलिस सूत्रों ने बताया, बरामद डायरियों और नोटबुक्स में कोड शब्द हैं, जिनमें आठ नवंबर से 12 नवंबर के बीच की तारीखों का ज़िक्र है। डायरियों में 'ऑपरेशन' शब्द कई बार लिखा है।

## लाल किला विस्फोट के संदिग्ध ने विस्फोट से पहले मस्जिद में तीन घंटे बिताए- पुलिस

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को खुलासा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास सोमवार की शाम हुए विस्फोट से कुछ घंटे पहले विस्फोटकों से लदी कार चलाने वाला व्यक्ति राम लीला मैदान के पास एक मस्जिद गया था। अधिकारी ने अपने बयान में कहा कि अल-फलाह विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर डॉ. उमर नबी, जिनके कार चलाने का संदेह है, ने दोपहर लगभग 15ᄀ19 बजे सुनहरी मस्जिद की पार्किंग में गाड़ी खड़ी की थी। इससे पहले डॉ नबी राम लीला मैदान के पास आसफ अली रोड स्थित एक मस्जिद गए थे और बताया जा रहा है कि वे वहाँ लगभग तीन घंटे तक रहे तथा इस दौरान नमाज़ भी पढ़ी। उन्होंने कहा, लाल किले के लिए रवाना होने से पहले वह लगभग तीन घंटे वहाँ रहे। हम मामले की सभी संभावित पहलुओं से जाँच कर रहे हैं, जिसमें फिदायीन हमले की संभावना भी शामिल है।लाल किले की ओर बढ़ने से पहले नबी के पार्किंग स्थल पर तीन घंटे रुकने की जाँच चल रही है। वह फरीदाबाद मॉड्यूल में गिरफ्तार लोगों से जुड़ी गतिविधियों पर नज़र रख रहा था। एक अन्य अधिकारी ने कहा, हम यह भी पता लगा रहे हैं कि क्या वह सिग्नल फोन के ज़रिए अपने आकाओं के संपर्क में था। उन्होंने बताया कि फ़ोरेंसिक विशेषज्ञ संभावित सिग्नल डिवाइस के निशानों की पहचान करने के लिए सबूतों की जाँच कर रहे हैं।

## ड्रेगंस हाउस ने जीता दूसरा मैच

**नगीना ( चिंगारी )।** एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा मैच ड्रेगंसहाउस ने बुल्स हाउस को नौ विकेट से हराकर जीत लिया। स्कूल के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे मैच का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल ने किया। ड्रैगंस हाउस ने टॉस जीता। इसके साथ ही कप्तान अली ने पहले बोलिंग करने का निर्णय लिया। इसके बाद बुल्स हाउस ने खेलना शुरू किया।बुल्स हाउस ने कप्तान सुमित के नेतृत्व में निर्धारित 10 ओवर में 114 रन बनाएं। जवाब में ड्रैगंस हाउस ने मात्र नौ ओवर में 118 रन बनाकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। ड्रैगंस हाउस के ऑलराउंडर खिलाड़ी आदर्श कुमार शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।इस मौके पर सिद्धि अग्रवाल व प्रधानाचार्य अंशु बिश्नोई मौजूद रही।




एस एस के इंटरनेशनल एकेडमी में आयोजित क्रिकेट मैच के प्लेयर ऑफ़ द मैच खिलाड़ी को पुरस्कृत करते प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल।

## 50 विद्यार्थियों को जर्सी वितरित की

**नगीना ( चिंगारी )।** सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में आयोजित जर्सी वितरण कार्यक्रम में 50 विद्यार्थियों को जर्सी वितरित की गई।

बुधवार को स्कूल प्रांगण में आयोजित जर्सी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व्यापारी नेता गौरव गोयल व पत्रकार मुनीर आलम ने किया।इसके बाद मास्टर मोहम्मद शाहिद, डॉ. एहतेशाम, मोहम्मद शारिक,प्रबंधक खालिद नोमानी, तनवीर अंसारी,गौरव गोयल व मुनीर आलम द्वारा बच्चों को अपने हाथों से ठंड से बचाव के लिए जर्सी वितरित की गई। प्रबंधक खालिद नोमानी ने कहा कि वह पिछले 30 वर्षों से लगातार स्कूल में पढ़ने वाले पात्र विद्यार्थियों को स्कूल की तरफ से जर्सी व किताबें वितरित करने का कार्य करते आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयशा परवीन, साहिबा रानी, इलफा परवीन, नाजिया परवीन, आसन परवीन, मुस्कान परवीन, सलीम अख्तर, अबीरा नोमानी, मोहम्मद जैद आदि का योगदान रहा।



सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में विद्यार्थियों को जर्सी वितरित करते अतिथि।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# टूट गया रिकॉर्ड... खुदरा महंगाई सबसे कम

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** महंगाई के मोर्चे पर बड़ी खुशखबरी आई है। सरकार की ओर से बुधवार को अक्टूबर महीने में खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी कर दिए गए हैं, जो बेहद राहत भरे हैं। मोदी सरकार में महंगाई को काबू में करने के लिए उठाए गए कदमों का साफ असर देखने को मिला है। October Retail Inflation घटकर सिर्फ 0.25प्रतिशत पर आ गई है। इससे पहले सितंबर महीने में महंगाई का ये डेटा 1.44प्रतिशत रहा था। जीएसटी कटौती का भी महंगाई में गिरावट में अहम रोल रहा है और इसका असर अब साफ दिखने लगा है। बुधवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों को देखें, तो जीएसटी रेट्स में कटौती से महंगाई को कम करने में बड़ी मदद मिली है। इसके अलावा सब्जियों की कीमतों में गिरावट से भी महंगाई दर फिसली है। बीते



महीने खाद्य महंगाई दर निगेटिव में पहुंच गई और -5.02प्रतिशत रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई दर अक्टूबर महीने में -4.85प्रतिशत, जबकि शहरी क्षेत्रों में ये -5.18प्रतिशत रही है। गौरतलब है कि बीते साल 2024 के समान अक्टूबर महीने में देश में खुदरा महंगाई 6.21प्रतिशत थी। वहीं ये लगातार चौथा महीना है, जबकि भारत में Retail Inflation का आंकड़ा आरबीआई के तय दायरे 4 प्रतिशत से नीचे रहा है। महंगाई के रिकॉर्ड लो लेवल पर पहुंचने को लेकर सरकार की ओर से जारी बयान में भी साफ किया गया है कि GST Cut का असर तमाम सेक्टर्स पर पूरे महीने देखने को मिला है। गौरतलब है कि बीते सितंबर महीने में ही Modi Govt की ओर से जीएसटी रेट कट लागू कर दिया गया था। जिसके बाद रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली 99 फीसदी के आसपास चीजें 5 फीसदी टैक्स के दायरे में आ गई थीं और इनके दाम घट गए थे। इनमें डेयरी प्रोडक्ट्स और पर्सनल केयर के सामान तक शामिल हैं।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरी पत्नी बाला देवी व पुत्र वीरेन्द्र कुमार, अजय कुमार व पुत्री मीना करीब पंद्रह वर्षों से अलग रहते हैं। जो मेरे कहने में नहीं हैं और वह मेरे साथ रह रहे मेरे पुत्र रोहित कुमार व पुत्रवधू रोशनी देवी से अभद्र व्यवहार करते हैं। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरी पत्नी व दोनों पुत्रों व पुत्री से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-रतिराम पुत्र गोविंदा, नि.ग्राम उमरी बड़ी खासपुरा, थाना हल्दौर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

## करोड़ों की चोरी का पर्दाफाश करने पर आभार व्यक्त किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल और प्रदेश वरिष्ठ युवा उपाध्यक्ष शोभित मित्तल के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह से भेट कर नजीबाबाद के सर्राफा व्यापारी योगेश तायल के यहां हुई करोड़ों की चोरी का पर्दाफाश करने पर आभार व्यक्त करते हुये शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनीत राजपूत, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता मोनू, प्रदेश प्रवक्ता गोपाल धीमान, नगर प्रभारी सुरेंद्र कपूर, नगर महामंत्री बिजनौर हिमांशु शर्मा, देवेन्द्र सिंह तहसील अध्यक्ष नजीबाबाद, शाकिर शालू नगर युवा अध्यक्ष नजीबाबाद, दीपक शर्मा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## लोक संस्कृति और धरोहर को बचाने के लिए गजेटियर ट्रेनिंग प्रोग्राम की बैठक संपन्न

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर पालिका अधिशासी अधिकारी बिजेंद्रपाल सिंह की अध्यक्षता और देवेंद्र कुमार मुख्य लिपिक के संचालन में आयोजित इस बैठक में नगर पालिका के सभी कर्मचारी एनजीओ प्रतिनिधि आदि के द्वारा भाग लिया गया।



इस बैठक के माध्यम से शहर नगर के 25 वार्डों में यदि कोई प्रतिभाशाली व्यक्ति, कलाकार, बाहर से आया कलाकार, गायक, संस्कृति या कुछ ऐसा स्थान है, जो दर्शनीय हो सकता है इसका सर्वे मुरादाबाद मंडल आयुक्त आनंजय कुमार के निर्देशों पर किया जा रहा है। सर्वे का यह कार्य आज से शुरू हो गया है। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में दो-दो कर्मचारियों को लगाया गया है। यह कार्य 15 दिनों में पूर्ण करके इसकी रिपोर्ट कमिशनर मुरादाबाद को दी जाएगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह भी देखा जाएगा कि किसी वार्ड में कोई ऐसा व्यक्ति तो नहीं है जो पेंशन का हकदार हो और उसकी पेंशन वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रही हो। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि इस सर्वे के बाद नगर पालिका को भी क्षेत्र में काम करने के लिए एक आधार उपलब्ध हो सकेगा।

## बीईओ को शिक्षामित्रों की समस्याओं से अवगत कराया

**नहटौर ( चिंगारी )।** आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुधीर चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह से भेंट की। उन्होंने शिक्षामित्र की समस्याओं के बारे में भी बीईओ को



अवगत कराया। बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र नहटौर पर बीईओ से शिष्टाचार भेंट में जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार, जिला संगठन मंत्री केशव कुमार त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार चौहान, ब्लॉक महामंत्री ओंकार सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुधीर चौधरी, संगठन मंत्री टीकम सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष संदीप कुमार, प्रदीप कुमार आदि ने शिक्षामित्र की विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया। नहटौर ब्लॉक क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षामित्र के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने आश्वास किया कि बिना भेदभाव और निष्पक्षता के साथ कार्य होगा। शिक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी।

## स्वस्थ नहटौर अभियान के तहत 14 नवम्बर को निकलेगी रैली

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर में शुगर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 14 नवम्बर को रैली का आयोजन किया जा जायेगा। यह रैली 'स्वस्थ नहटौर' अभियान के तहत 14 नवंबर, शुक्रवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, नहटौर से सुबह 10 बजे आरम्भ होगी। इस अवसर पर ज़िलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को मुख्य अतिथि के रूप में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए आमंत्रित किया गया है। हैल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट) के सचिव ग़िज़ाल मेहदी ने बताया कि हैप्ट द्वारा गत दो वर्षों से आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य लोगों को शुगर के प्रति जागरूक करना और इसके ख़तरों से बचाव के उपाय बताना है। हैप्ट ने 16 अक्टूबर 2022 को 'स्वस्थ नहटौर' अभियान की शुरूआत की थी, जिसके तहत मैहदी विला में एक शुगर और ब्लड प्रेशर जाँच और परामर्श केंद्र स्थापित किया



गया है। यह केंद्र हर इतवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक नि:शुल्क सेवाएँ प्रदान करता है, जिससे अब तक 3500 से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अलावा, 600 से अधिक मरीज़ों को इस केंद्र के माध्यम से स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र से लगातार निशुल्क इलाज और दवाएं प्राप्त हो रही हैं।

इस रैली में नहटौर की 12 प्रमुख शिक्षा संस्थाओं के छात्र, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, हैल्थ वालंटियर और 'स्वस्थ नहटौर' अभियान से जुड़े विभिन्न व्यवसायों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। रैली का समापन नि:शुल्क शुगर और ब्लड प्रेशर जाँच और परामर्श केंद्र, मैहदी विला, सिटी क्राउन पब्लिक स्कूल पर होगा। रैली का संचालन मेजर चरण सिंह शर्मा व इताअत हुसैन करेंगे।

### बढ़ रहे हैं शुगर रोगी

भारत में 23 करोड़ 70 लाख से अधिक लोग शुगर से प्रभावित हैं, और 2019 से 2023 के बीच इसके मरीज़ों में 44% की वृद्धि हुई है। यह जानलेवा ख़ामोश बीमारी है, लेकिन समय पर जाँच, सही परहेज़ और हल्के व्यायाम से इसे नियंत्रित किया जा सकता है।

# हाईवे पर एक और भीषण हादसा

## कैंटर व ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर में एक की मौत

**शेरकोट (चिंगारी)।** नेशनल हाईवे पर कैंटर और ट्रैक्टर-ट्राली की आमने-सामने से हुई भिड़ंत में कैंटर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार विगत रात्रि लगभग ढाई बजे अफजलगढ़ की ओर जा रही कैंटर गाड़ी की मुबारकपुर कुंडे के पास वनवे चल रही सड़क पर सामने से आ रही आलू के बोरों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर कई हिस्सों में बट गया, जबकि डीसीएम का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने से कैंटर चालक उसमें भिंच गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह चालक अंकुर विश्नोई (35 वर्ष) पुत्र ओमवीर सिंह निवासी रसूलपुर आबाद चकफैरी थाना अफजलगढ़ को बाहर निकालकर सीएचसी धामपुर पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस




घटना के बाद टैक्टर पर सवार व्यक्ति मौके से फरार हो गए। दोनों वाहनों के फंस जाने से वनवे चल रहे हाईवे पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। कुछ देर बाद पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को हटवाकर हाईवे पर यातायात बहाल कराया। इस मामले में मृतक की पत्नी सलोनी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार की। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### धीमी गति से मरम्मत कार्य दुर्घटना का कारण

**हाईवे पर लगभग एक माह से रामगंगा के पुल से शेरकोट तक जगह-जगह बहुत धीमी गति से सड़क की मरम्मत का काम चल रहा है। जिस कारण हाईवे को कभी भी वनवे कर दिया जाता है। मरम्मत कार्य धीमी गति से चलने के कारण बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा इनमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है।**

# मीरी-पीरी खालसा एकेडमी में हुई खो-खो प्रतियोगिता



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** मीरी-पीरी खालसा अकेडमी, अगवानपुर में आंतरिक हाउस प्रतियोगिता के अंतर्गत खो-खो मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू एवं अध्यापक रघुवीर सिंह, जसपाल सिंह, नवदीप सिंह, मोहित कुमार, गजेंद्र चौहान, ज्योति कौर और नीलम बेरीवाल के नेतृत्व में हुई। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस बाबा दीप सिंह, अकाली फूला सिंह, हरि सिंह नलुवा और बाबा बंदा सिंह बहादुर हाउस के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेल के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। कड़े मुकाबले के बाद बाबा बंदा सिंह बहादुर हाउस की टीम विजेता रही। टीम में पावलीन कौर, अवनीत कौर, फातिमा, अर्शदीप कौर, हरलीन कौर, अमनदीप कौर, अभिजोत कौर, जशनदीप कौर, जसविंदर कौर और जसमीत कौर शामिल रहीं। हरि सिंह नलुवा हाउस को द्वितीय और बाबा दीप सिंह हाउस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

**प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू ने विजेता टीम और सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हमारा विद्यालय सदैव ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है उन्होंने आगे कहा कि मीरी-पीरी खालसा अकेडमी समय-समय पर विभिन्न खेलकूद, सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करती रहती है, ताकि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को प्रोत्साहन मिल सके और वे जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।**

# धर्मेन्द्र के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना



## अफ़वाहबाजों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग

**बिजनौर (चिंगारी)।** गोविंदा मॉर्निंग क्लब,बिजनौर के सदस्यों द्वारा 12 नवंबर को प्रात: भ्रमण एवं योगा के पश्चात नेहरू स्टेडियम बिजनौर में प्रार्थना सभा का आयोजन कर शोले, धर्मवीर जैसी फिल्मों के द्वारा दर्शकों के दिल में अपनी जगह बना लेने वाले फिल्म अभिनेता एवं पूर्व सांसद धर्मेंद्र के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की गई, साथ ही साथ ही ऐसे न्यूज़ चैनल जिन्होंने बिना किसी प्रमाणित साक्ष्य के धर्मेंद्र के स्वर्गवास का झूठा समाचार चलाकर जनता को भ्रमित करने का काम किया है, उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस क्षेत्राधिकारी एमपी सिंह, कर्मचारी नेता राकेश शर्मा, राकेश रस्तोगी, प्रकाश वीर रस्तोगी, विदित सक्सेना, दिनेश चौहान, राममूर्ति गौतम, कमल वीर सिंह, आशाराम सिंह, एडवोकेट राजीव चौहान, चरण सिंह, राममूर्ति गौतम, संजीव बिश्नोई, व्यापारी नेता देवेश कुमार, अवनीश ठाकुर, इंद्रदेव, रामपाल सिंह, विपिन अग्रवाल, राकेश कुमार, गणेश ठाकुर, अशोक कुमार यादव, डॉक्टर प्रमोद कुमार, अशोक कुमार अग्रवाल आदि की उपस्थिति रही।

# बाल दिवस पर ताजपुर में लगेगा रोजगार मेला

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद के प्रत्येक बेरोजगार युवक एवं युवतियों को उनकी योग्यता एवं इच्छा अनुसार रोजगार दिलाए जाने के उद्देश्य से जनपद बिजनौर में निरंतर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कल दिनांक 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर प्रात: 10 बजे से आर.जी.एन.पी. इंटर कॉलेज राजा का ताजपुर में जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दर्जनों कंपनियां प्रतिभाग कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा एवं प्रभारी सेवायोजन अधिकारी पंकज चौधरी ने संयुक्त रूप से अधिक से अधिक युवक एवं युवतियों को रोजगार मेले में सम्मिलित होने की अपील की है।

# बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई



**चांदपुर (चिंगारी)।** सीनियर बार एसोसिएशन, चांदपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। तहसील परिसर स्थित सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता ओमपाल सिंह ने सीनियर बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप कुमार, महासचिव मनोज कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेखर चौधरी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल कुमार, संयुक्त सचिव श्रीमती अर्चना शर्मा, सांस्कृतिक सचिव प्रीति गोयल, कोषाध्यक्ष विनीत कुमार, आडिटर अवनीश कुमार तथा वरिष्ठ सदस्य हरपाल सिंह व अनिल चौहान को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सिविल जज जूडि बुशरा खुर्शीद ने बार व बैंच के बीच मधुर सम्बन्ध बनाए रखने पर जोर देते हुए दोनों को एक ही गाड़ी के दो पहिए बताते हुए कहा कि दोनों को एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। उपजिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया ने कहा कि अधिवक्ताओं को वादकारियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए कार्य करने, अनावश्यक हड़तालों पर रोक लगाने और बार और बैंच के बीच मधुर सम्बन्ध बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में एसडीएम न्यायिक विजय शंकर, यशवीर सिंह त्यागी, गुलाब सिंह यादव, विजय सिंह, जोगराज सिंह, सुरेन्द्र सिंह, पंकज, सोमपाल सिंह,अजय शर्मा, हरपाल सिंह, नीरज तिवारी, राजीव गर्ग, इंतजार मेंहदी जैदी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप सिंह एडवोकेट ने किया।

# बरुकी बस स्टैण्ड के पास नाले में गिरने से युवक की मौत

## परिजनों ने किया हंगामा, हाईवे अथॉरिटी पर लापरवाही का आरोप

बरुकी/कोतवाली देहात (चिंगारी)। आज सुबह बरुकी बस स्टैंड पर मंदिर के पास निर्माणाधीन नाले में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ग्राम पमड़ावली निवासी ऋषभ पुत्र ओमप्रकाश के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने हाईवे अथॉरिटी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों के साथ मिलकर घंटों हंगामा किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। बाद में पुलिस ने शव का



पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

परिजनों ने बताया कि ऋषभ कुमार पुत्र ओमपाल सिंह कल देर रात पास के ही एक केन क्रेशर में मजदूरी करके साइकिल से घर जा रहा था कि बरूकी में पुलिस चौकी के सामने निर्माणाधीन नाले में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि अगर नाले पर पट डाल



दिया गया होता तो ऋषभ कुमार की मौत नहीं होती। मृतक की साइकिल मौके पर नहीं मिली, जिसे लेकर कयास लगाये जा रहे हैं। उधर, चौकी प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि युवक ने अधिक मात्रा में शराब का सेवन किया था और नशे की हालत में नाले में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले की जांच की जा रही है।

# एलएनएस क्लब बिजनौर सिटी के द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप

बिजनौर (चिंगारी)। बुधवार को हरपति चैरिटेबल एजुकेशन ट्रस्ट के सौजन्य से छात्र-छात्राओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लायंस क्लब व एच. एम पब्लिक स्कूल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से लायंस क्लब की अध्यक्ष मीनू गोयल, सचिव वंदना त्यागी व मेंबर यशोदा सिंह, शशि




सेंगर, मोनिका भटनागर, कुसुम चौधरी एवं अशोक कुमार का विशेष सहयोग रहा। एच. एम पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं की विभिन्न शारीरिक जांच की गयी। जैसे आंख, नाक, कान, मलेरिया तपेदिक, खांसी जुखाम, बुखार इत्यादि रोगों की गहनता से जांच की गयी। इसमें डॉ. प्रियंका मलिक (MBBS), डॉ मेधावी सिंह (BDS, MDS), डॉ साक्षी गोयल (BPT, MPT, Neuro) एवं डॉक्टर शिवम शर्मा (पैथोलॉजिस्ट) आदि डॉक्टरो ने छात्र-छात्राओं की भली-भांति जांच की तथा उन्हें विभिन्न रोगों से बचने के उपाय बताए। एच. एम. पब्लिक स्कूल के चेयरमैन श्री अशोक कुमार चौधरी, प्रबंधिका श्रीमती कुसुम चौधरी व स्कूल के प्रधानाचार्य श्री संजीव सहरावत ने इन सभी डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया।

# उपचुनाव में विजयी सभासद को चेयरपर्सन ने शपथ दिलाई



**हल्दौर (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद के सभासद पद के उपचुनाव में विजयी हुई तरन्नुम जहां को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।**

मालूम हो कि नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 13 बीबी वाला कुआं के सभासद मौहम्मद गुलफाम फरीदी का विगत 13 अप्रैल को अकास्मिक निधन हो गया था। जिसके उपचुनाव में गत 15 अक्टूबर को मतदान व 17 अक्टूबर को मतगणना हुई थी। उपचुनाव में मरहूम सभासद मौहम्मद गुलफाम फरीदी की पत्नी तरन्नुम जहां रिकॉर्ड 205 वोटो से विजयी हुई थी। बुधवार को पालिका कार्यालय पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी ने नवनिर्वाचित सभासद तरन्नुम जहां को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर सभासद तरन्नुम जहां ने कहा कि वह अपने मरहूम शौहर के वार्ड में रहे गये अधूरे कार्यों व सपनो को पूरा करेंगी तथा शासन प्रशासन की हर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी वार्डवासियों को प्राथमिकता के आधार पर दिलाने का प्रयास करेंगी। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा, समाजसेवी दीपक सैनी, पूर्व सभासद रवि कुमार, सभासद रुक्मणी देवी, नसीमा खातून, राजीव चौहान, मौहम्मद राशिद, फरमान फरीदी, सद्दाम फरीदी, टिंकल फरीदी, इमरान फरीदी, फैसल फरीदी, अलीना, सिदरा, वसी, आहिल व पालिकाकर्मी अजय मोहन शर्मा, अरुण कुमार, मौहम्मद नौशाद आदि मौजूद रहें।

# सूअर पालन का तेरह दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया

हल्दौर (चिंगारी)। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हल्दौर द्वारा जनपद बिजनौर के बेरोजगार महिला व पुरुषों को सूअर पालन का कृषि उद्यमी में तेरह दिवसीय विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक अखिल कुमार सिंह के द्वारा अलका, रिंकी, श्वेता, मेव सिंह, विकास यादव दीपक, विवेक, ओमवीर, सौरभ, राहुल, मोहित, कपिल, धर्मेंद्र, सतेंद्र आदि 35 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ट्रेनिंग के समापन दिन उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम एससी एवं एसपी का संचालन जिला उद्योग केंद्र के सोहनलाल अग्रवाल के द्वारा किया गया। इसमें उन्होंने लोन की अपनी विभिन्न



योजनाओं के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार व सुल्तानपुर आबाद के ग्राम प्रधान सुखबीर सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक अखिल कुमार सिंह व पीएनबी हल्दौर के वरिष्ठ प्रबंधक वरूण कुमार ने सभी प्रतिभागियों को बैंकिंग योजनाएं व स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया। ट्रेनिंग में उद्यमी गुण, सामाजिक सुरक्षा, बीमा, पेंशन, गेम्स, मार्केट सर्वे, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग क्षेत्र की आदि जानकारी दी गई। ट्रेनिंग में उन्हें सूअरों व पशुओं की विभिन्न बीमारियों, खान पान व रख रखाव आदि के बारें में विस्तार से बताया। सूअर पालन से वह अपनी आजीविका चलाकर व्यवसाय व बिक्री के रूप में भी प्रयोग करके आजीविका अर्जन कर सकते हैं। ट्रेनिंग दौरान उन्हें संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम ने सरकारी राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के तहत बैंक से लोन लेकर सरकार द्वारा पचास प्रतिशत सब्सिडी भी प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में आरसेटी स्टॉफ सदस्य का विशेष सहयोग रहा।

# पिंक सिटी का शैक्षणिक भ्रमण किया

**स्योहारा (चिंगारी)।** गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने जयपुर का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने जयपुर में साइंस पार्क, बर्ड सेक्शन जू, हवा महल, जल महल और जंतर-मंतर का अवलोकन किया। इस भ्रमण का उद्देश्य पुराने समय में हुए विकास कार्यों और वैज्ञानिक प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव कराना था। प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने बसों को हरी झंडी दिखाकर जयपुर के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ वास्तविक अनुभवों से जोड़ना है। विद्यार्थियों ने गौरवशाली राजपूताना शान के दर्शन किये। दल में 80 विद्यार्थियों के साथ 25 शिक्षक शामिल रहे। आमेर का किला एवं जंतर-मंतर भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को गाइड ने इतिहास की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान



बहुत सी ऐतिहासिक व वैज्ञानिक जानकारियों को हासिल किया। छात्रों ने जल महल, हवा महल में भ्रमण किया और राजमंदिर सिनेमा में मूवी दिखाई गई। सीनियर कोऑर्डिनेटर शिवम ठाकुर ने जानकारी दी कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान, इतिहास और संस्कृति से जुड़ी कई रोचक जानकारियां हासिल कीं। उन्हें इस शैक्षणिक यात्रा के ज्ञान और अनुभव को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में अर्शी, सदफ, शिवांगी, पिंकी, गुंजन, आकांक्षा, शिखा, पारुल, अजीम, आरिफ, मयंक, ओमानंद, विनीत, राहुल, अनुज, गौरव सहित विद्यालय के स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रसूलपुर में हो रहा अवैध खनन परेशान है गांव का जन-जन

**सहसपुर (चिंगारी)।** ग्राम रसूलपुर कस्बा राजीपुर में अवैध खनन की वजह से ग्रामवासी परेशान हैं। पूरा दिन अवैध खनन होता रहता है, जिसकी वजह से पूरे ग्राम में धूल का गुबार छाया रहता है। रोड इतना खराब हो गया है कि आने-जाने वाले राहगीरों को बहुत मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। अगर ट्रैक्टर-ट्राली वालों से ग्रामवासी शिकायत करते हैं तो वो ग्रामवासियों से झगड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं। ग्रामवासियों का घर से निकलना दूभर हो गया है। खनन माफिया का अच्छा रसूख होने के कारण पुलिस की भी इस ओर नज़र नहीं है। ग्रामवासियों ने संबंधित अधिकारी से खनन को रुकवाने की मांग की।



**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर (जनपद बिजनौर)**

संख्या :06/न.पा.परि.बि./2025-26 दिनांकः- 09-07-025

**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916**

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-134 स्थित मौहल्ला नई बस्ती बी-14 बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती शीला देवी पत्नी श्री स्व. बाल किशन चावला के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में प्रार्थीगण श्री राकेश कुमार चावला, श्री घनश्याम चावला तथा श्री प्रेम कुमार चावला ने अपनी माता जी की मृत्यु व एक भाई की मृत्यु (स्व. प्रेम कुमार चावला जो अविवाहित थे) के उपरांत उक्त सम्पत्ति में अपना नाम दर्ज करने हेतु वारिसान प्रस्तुत किया है, प्रार्थीगण ने अपने माता-पिता व भाई का मृत्यु प्रमाण-पत्र अपनी बहन श्रीमती कैलाश देवी पत्नी श्री मदनलाल अरोड़ा का अनापत्ति (शपथ पत्र), शपथ-पत्र संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों प्रार्थिनी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बिजनौर**

# मेड केयर क्लीनिक का उद्घाटन



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** स्थानीय बस स्टैंड पर नवस्थापित मेड केयर क्लीनिक एवं मेडी केयर फार्मेसी का उद्घाटन मानियावाला के ग्राम प्रधान तसव्वर कुरैशी एवं सलावत नगर के ग्राम प्रधान कपिल सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्लीनिक के डायरेक्टर डॉ. अजीज ने कहा कि यहां आम बीमारियों का उचित उपचार किया जाएगा और गरीब व बेसहारा रोगियों के उपचार हेतु विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर हाजी मौ. इब्राहीम मंसूरी, पत्रकार एसएम असलम, कामिल खान, डा. अरमान, डा. जुनैद, डा. दानिश, मौ. शाहनवाज, मौ. आशिक उर्फ बिट्टू आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर (जनपद बिजनौर)**

संख्या :17/न.पा.परि.बि./2025-26 दिनांकः- 09-09-025

**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916**

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-132 स्थित मौहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में प्रार्थी की माता श्रीमती शीला देवी पत्नी श्री स्व. बाल किशन के नाम अंकित है। प्रार्थी श्री राकेश कुमार चावला पुत्र श्री बाल किशन चावला स्थित मौहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर प्रार्थी तीन भाई श्री घनश्याम चावला व श्री प्रेम कुमार चावला भी है, जिसमें श्री प्रेम कुमार चावला की मृत्यु हो चुकी है तथा प्रार्थी की बहन का हिस्सा प्रार्थी की माता ने अपने जीवनकाल में ही दे दिया था तथा प्रार्थी के भाई घनश्याम चावला से उनका हिस्सा बजरिया बैनामा क्रय कर लिया था। माता-पिता मृत्यु प्रमाण-पत्र, बैनामें की छाया प्रति, आईडी प्रूफ, प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति को पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में अपने नाम अंकित करने की प्रार्थना की। अतः आपको अथवा सम्बंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद बिजनौर**

# एसआईआर में बीएलओ व मतदाताओं का सहयोग कर रहे सलमान डीलर



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** कासमपुर गढ़ी व मानियावाला में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना प्रपत्र बांटने का सिलसिला जारी है। बीएलओ द्वारा अपनी जिम्मेदारियां निभाने के साथ-साथ कई सामाजिक कार्यकर्ता भी एसआईआर के इस कार्य में बीएलओ एवं आम जनता का भरपूर सहयोग करने में लगे हुए हैं। ग्राम कासमपुर गढ़ी में बीएलओ निखत परवीन द्वारा ग्रामीणों को गणना प्रपत्र वितरित कर उन्हें भरवाने का कार्य किया जा रहा है, वहीं मानियावाला में बीएलओ जितेंद्र कुमार द्वारा मतदाताओं से संपर्क कर गणना प्रपत्र देकर उन्हें भरने हेतु जानकारी दी जा रही है। बीएलओ जितेंद्र कुमार के इस कार्य में मतदाताओं को एसआईआर के गणना प्रपत्र भरवाने हेतु मौ. सलमान अलीमुद्दीन लगातार सहयोग बनाए हुए हैं।

# सड़क पर भरा है गन्दा पानी मुहल्ले वालों को बड़ी परेशानी




**चांदपुर (चिंगारी)।** मुहल्ला सरायरफी फीना कालोनी में आयशा मस्जिद वाले रास्ते पर ग्राम बहावलपुर मार्ग पर गन्दे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण पिछले काफी समय से सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है, जिसके कारण वहां रहने वालों के साथ-साथ उधर से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मुहल्लेवासी इरफान अहमद ने सड़क पर हर समय गन्दा पानी भरे रहने पर रोष जताते हुए कहा कि इससे जहां लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं मुहल्ले में संक्रमण फैलने का भी खतरा बना हुआ है। मुहल्लेवासियों इरफान अहमद, नौशाद अली, इरशाद अहमद, तस्लीम अहमद, शौकीन शाह, इसरार ठेकेदार, शहाबुद्दीन व मौ. फरमान आदि ने नगर पालिका प्रशासन से मुहल्ले में हो रहे जलभराव की गम्भीर समस्या का समाधान कराये जाने की मांग की।

# स्क्रीन शॉट दिखाकर दुकानदारों को 75 हजार की चपत लगाई

**पैजनिया ( चिंगारी )** थाना हल्दौर के गांव पावटी मे अमजद किराने की दुकान करते हैं 18 अक्टूबर 2025 को पास के गांव लाडनपुर का नितिन नाम का एक व्यक्ति आया और शादी का सामान लिया जिसकी कीमत 75000 थी। नितिन ने अमजद को एनएफटी के माध्यम से 76000 का पेमेंट कर मोबाइल से स्क्रीनशॉट दिखा दिया। लेकिन अमजद के मोबाइल में रूपये नहीं आए। नितिन ने कहा 2 घंटे में पैसा आ जाएंगे लेकिन 2 घंटे में भी रुपए नहीं आए तो अमजद ने नितिन को फोन कर कहा रुपए नहीं आए हैं, रुपए देकर जाओ। नितिन 18 अक्टूबर से अब तक आज 12 अक्टूबर तक वादा पर वादा करता रहा, थक हारकर अमजद ने 11 अक्टूबर को अंम्हेड़ा चौकी में नितिन पुत्र राजेंद्र के नाम की तहरीर दी है, जिसमें आरोप लगाया है कि लाडन पुर निवासी नितिन 75000 रूपये की ठगी कर धोखा किया है। पुलिस का कहना है कि जल्दी अमजद के पैसे वापस दिलाए जाएंगे। नितिन अम्हेडा मे जन सेवा केंद्र चलाया है। लोगों से पता चला है कि नितिन सरकारी योजनाओं के नाम पर लोगों से हजारो रूपये ले चूका है और घर से फरार है। अपने गांव लाडपुर में नहीं रहता, कहीं बाहर रहता है। सुबह और शाम के घर आता है। चौकी प्रभारी अन्नू कुमारी ने कहा कि नितिन को जल्द हिरासत में लेकर पूछताछ की जायेगी।

# वरिष्ठ भाजपा नेता सुमन त्यागी के पिता डा. ओमकुमार त्यागी का निधन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती सुमन त्यागी के पूज्य पिताजी डा. ओमकुमार त्यागी का बीती रात्रि निधन हो गया। उनकी आयु लगभग 92वर्ष थी। डा. रामकुमार त्यागी लोकतंत्र सेनानी थे तथा 1975मे एमरजेंसी के दौरान 19माह जेल में भी रहे थे। वर्तमान में वे अपने पुत्र के पास गाजियाबाद में रह रहे थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक छा गया। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चौ सुधीन्द्र सिंह, पुखराज सैनी, विकसित चौधरी, आशू गोयल आदि ने श्रीमती सुमन त्यागी के पूज्य पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक शोक संवेदना।

# और अब दवाइयां भी झोलाछाप बिकने लगी: राजकुमार गोयल

## मेडिकल एसोसिएशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोएिशन बिजनौर के जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल ने एक प्रेस



विज्ञप्ति में कहा कि झोलाछाप डाक्टर झोलाछापों से ही दवाई खरीद रहे हैं और वह नकली भी हो सकती है। कुछ लोग झोले में भरकर दवाई भरकर लाते है और झोलाछाप डाक्टरों को बेच कर चले जाते हैं। उनकी कोई भी चैकिंग नहीं होती है। उधर, मेडिकल स्टोर वालों की सेल लगाता कम होती जा रही है। झोलाछाप दवाई सप्लायर नियमों का कोई पालन नहीं करते। उन्होंने चेतावनी दी कि झोलाछाप दवाई सप्लायर बाज आयें अन्यथा कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोएिशन उनके तथा नक्ली दवाईयों के खिलाफ आन्दोलन करेगी।

# सुरक्षित यातायात के लिये आवश्यक निर्देश दिये



**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** नगीना देहात पुलिस ने द्वारिकेश शुगर मिल के प्रबंधकों एवं ट्रक तथा ट्रैक्टर चालकों के साथ एक बैठक कर यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया। सीओ नगीना की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही वाहन चालकों की आई साइड तथा ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई और वाहनों के कागजात का भी सत्यापन किया गया। नगीना देहात थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र चौहान, उपनिरीक्षक ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

# ओवरलोड ट्राले की चपेट में आकर चिकित्सक घायल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गन्ने से भरे ओवरलोड एवं ओवरहाइट टैक्टर - ट्रॉले दुर्घटनाओं का सबब बनने लगे हैं। जबकि अभी कोहरा भी नहीं आ रहा है। कोहरा आयेगा , तो ये ट्रैक्टर - ट्रॉले और ज्यादा दुर्घटनाओं का कारण बनेंगे। नांगल बस स्टैंड पर क्लीनिक संचालित करने वाले चिकित्सक डा. विश्वजीत उर्फ राहुल बीती रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे अपनी कार से चंदक की ओर से आ रहे थे। ग्राम सौफतपुर के सामने विपरीत दिशा से आ रहे गन्ने से भरे ट्रैक्टर - ट्रॉले से चिकित्सक की कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में चिकित्सक की कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। चिकित्सक घायल हो गये। ग्रामीणों ने उन्हें कार से बाहर निकाला।

# पुलकित हॉस्पिटल ने लगाया शिविर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस (रजत जयंती) के अवसर पर पुलकित मैमोरियल हास्पिटल के द्वारा निशुल्क स्वास्थय जांच शिविर का आयोजन लॉयंस क्लब कोटद्वार डिग्निटी के सहयोग से राजकीय इंटर कालेज जयदेवपुर सिगड्डी में किया गया। पुलकित हॉस्पिटल के चेयरमैन डा. हरीश मित्तल के मार्ग दर्शन में शिविर लगभग 600 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। शिविर में रोगियों को निशुल्क दवाईयों भी वितरित की गई।

# आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस अंग्रेज़ी स्किट प्रतियोगिता का आयोजन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** आर.के. इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में 12 नवंबर 2025 को अंग्रेज़ी स्किट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषा कौशल, अभिव्यक्ति क्षमता तथा मंच प्रस्तुति के प्रति आत्मविश्वास विकसित करना था। कार्यक्रम में चारों हाउस के विद्यार्थियों ने सामाजिक, नैतिक एवं शैक्षिक विषयों पर आधारित मनमोहक स्किट प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल, एम. डी. दर्शित अग्रवाल व प्रधानाचार्य नितिन बिश्नोई ने रिजल्ट घोषित किया जिसमें



कलाम हाउस प्रथम, टैगोर हाउस द्वितीय तथा नेहरु व गांधी हाउस तृतीय रहे। विजेता टीमों को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन की घोषणा की।

# रामा कालेज में शिक्षा दिवस पर हुई चार्ट व मॉडल प्रतियोगिता

**किरतपुर ( चिंगारी )।** राम इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर एजुकेशन किरतपुर के कला विभाग एवं समाज कार्य विभाग द्वारा शिक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं ट्रस्टी रामा एजुकेशनल ट्रस्ट अरुण गोयल के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर चार्ट एवं मॉडल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कला विभाग से प्रथम स्थान उमरा परवीन बी ए फाइनल ईयर, द्वितीय स्थान महिमा राजपूत बी ए फाइनल ईयर और तृतीय स्थान अंजलि बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा ने प्राप्त किया, जबकि समाज कार्य विभाग की छात्रा मधु प्रथम स्थान ,द्वितीय स्थान रुचि मालवा एवं तृतीय स्थान पर सुनिधि रही।डीन डॉ सीडी शर्मा ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा दिवस के बारे



में समझाया और उनको बताया कि शिक्षा का हमारे जीवन में कितना महत्व है और हमें अपने ज्ञान को किस तरह से उपयोग करना चाहिए। प्रस्तुत कार्यक्रम कोर्डिनेटर बी.ए.रूचि शर्मा एवं कोर्डिनेटर समाज कार्य श्वेता सरकार के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ डबलेश कुमार, उपप्राचार्य डॉ रवीश कुमार, वाणिज्य विभाग अध्यक्ष पीयूष शर्मा एवं कला विभाग अध्यक्ष श्रीमती मंजू जैन और अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे ।कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण कुमार, अरुण प्रकाश आदि प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा।

# धनसिनी में गुलदार हुआ पिंजरे में कैद, देखने को भीड़ उमड़ी

नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम धनसिनी में एक नर गुलदार पिंजरे में कैद हो गया, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की मौके पर काफी भीड़ उमड़ गई। वनविभाग ने नजीबाबाद तहसील के ग्राम धनसिनी में ग्रामीणों में गुलदार के खौफ को देखते हुए पिंजरा लगाया था। गुरूवार को पिंजरे में एक 6 वर्षीय नर गुलदार कैद हो गया। गुलदार के पिंजरे में कैद होने की खबर पूरे गांव में फैल गई। पिंजरे में कैद हुए गुलदार को देखने के लिए गांव के साथ आसपास के क्षेत्र से भी काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना मिलने पर वनविभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। वनविभाग के कर्मचारियों ने पिंजरे में कैद हुए गुलदार को ले जाने की तैयारी शुरू कर दी थी।



पिंजरे में फंसा गुलदार।

# पति ने खर्च के लिए पैसे नहीं दिये, पत्नी ने कार के शीशे तोड़ दिये



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में एक अजीब मामला देखने को मिला। एक महिला ने अपने पति द्वारा खर्च के लिए पैसे ना देने पर मैकेनिक की दुकान पर खड़ी पति की कार के शीशे तोड़ते हुए काफी देर तक हाईवोल्टेज ड्रामा किया। नगर के हरिद्वार मार्ग पर कार मैकेनिक की दुकान करने वाले फुरकान ने थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी दुकान पर शाहपुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी कार ठीक कराने के लिए दी थी, वहां उनकी दूसरे नम्बर की पत्नी पहुंची तथा उसने पति पर उसे खर्च ना देकर कार में पैसे लगाने का आरोप लगाते हुए कार के चारों ओर के शीशे तोड़ दिये। साथ ही उसकी दुकान पर काफी देर तक हाईवोल्टेज ड्रॉमा किया। महिला ने कार मैकेनिक व वहां मौजूद अन्य लोगों पर उल्टे झूठे आरोप भी लगाए। साथ ही सोशल मीडिया पर महिला द्वारा कार के शीशे तोड़ते हुए हाईवोल्टेज ड्रामे की सोशल मीडिया पर विडियो वायरल होने के बाद इस मामले की क्षेत्र में काफी चर्चा है। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस विडियो का संज्ञान लेने के साथ मैकेनिक की तहरीर पर मामले की जांच शुरू करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शिक्षक आमिर अली को मिला बेस्ट एजुकेटर सम्मान



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद क्षेत्र के मुन-मुन प्ले स्कूल में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद व भारत के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य विभाग से महबूब तथा विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रभारी एवं शिक्षक नेता मोबीन हसन ने संयुक्त रूप से आमिर अली को शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए बेस्ट एजुकेटर सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन कौमी उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष तनवीर अहमद व जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद द्वारा किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार, सरताज परवीन, एहतेशाम अहमद, नाजिश परवीन आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# किसान संगठन से जुड़े सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाई

नजीबाबाद (चिंगारी)। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की बैठक नजीबाबाद तहसील के गांव जालपुर में आयोजित की गई। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष मोहित प्रजापति ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की बधाई दी। साथ ही 'भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा शिक्षा जगत में दिये गये योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही 'पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश महासचिव शक्ति राय, पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश सचिव जसविंद्र सिंह ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा व नीतियों पर चर्चा की। इस मौके पर किसान संगठन से जुड़े सदस्यों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता लेने वालों में रामपाल राठी, उस्मान मलिक, मनवीर सिंह, वरुण अहलावत, अमित, अहलावत, इकरामुद्दी, शान्तनु चौधरी, भूपेन्द्र सिंह, अयान, रेखा, शहनाज, राजा मौजूद रहे।



कांग्रेस की बैठक में शामिल कार्यकर्ता।

# चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की वालिदा का इंतकाल

## जनप्रतिनिधियों व शहरवासियों ने शोक जताया

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की वालिदा नफीसा बेगम का बीती रात अचानक तबियत खराब होने के बाद इंतकाल हो गया, वह करीब 80 वर्ष की थी। नगर के मौहल्ला वाहिदनगर निवासी चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की वालिदा की बुधवार की रात अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने व चक्कर आने से तबियत खराब हो गई। तभी परिजन उन्हें उपचार के लिए हॉस्पिटल ले जाने लगे मगर हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही उनका इंतकाल हो गया। जिससे चेयरमैन के परिवार में कोहराम मच गया। चेयरमैन की वालिदा के इंतकाल की खबर सोशल मीडिया के माध्यम से कुछ ही समय में पूरे शहर में पहुंच गई। जिसके बाद देर रात तक चेयरमैन के निवास पर शहरवासियों के पहुंचकर शोक व्यक्त करने का सिलसिला जारी रहा। नगरपालिका के कर्मचारियों व सभासदों ने भी चेयरमैन के आवास पर पहुंचकर दुख व्यक्त किया। चेयरमैन की वालिदा के इंतकाल के शोक में नगरपालिका कार्यालय में आज शोकावकाश घोषित कर दिया गया। विधायक हाजी तसलीम अहमद, पूर्व चेयरमैन मोअज्जम खां एडवोकेट, साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, नगर पंचायत जलालाबाद के पूर्व चेयरमैन मौ. याकूब राईन के साथ राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ, पत्रकारों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों व शहर के गणमान्य लोगों ने चेयरमैन की वालिदा के इंतकाल पर रंजोगम का इजहार किया। गुरूवार को दोपहर जौहर की नमाज के बाद मोटाआम स्थित कब्रिस्तान पर उनका दफीना किया गया। चेयरमैन की वालिदा के दफीने में शहर के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर मरहूमा की मगफिरत के लिए दुआ की। चिंगारी परिवार भी चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की वालिदा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता है तथा उनके परिवार को यह दुख सहन करने की ईश्वर से प्रार्थना करता है।

# पुलिस द्वारा चोरी का वास्तविक खुलासा सराहनीय: कपिल सर्राफ



नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने जनपद बिजनौर एवं नजीबाबाद पुलिस द्वारा नजीबाबाद के बर्तन व्यापारी योगेश तायल की दुकान में हुई करोड़ों की चोरी का वास्तविक चोरों को पकड़कर खुलासा करने की सराहना की है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जिस तरह से ईमानदारी व कर्मठता के साथ इस बड़ी चोरी का खुलासा किया है, इससे पूरे जिले के व्यापारियों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप तथा थानाध्यक्ष राहुल कुमार व उनकी पूरी टीम ने इसके लिए बधाई की पात्र है। पुलिस ने पूरी मेहनत करके वास्तविक चोरों को पकड़कर उनसे चोरी में गया वास्तविक माल बरामद किया है। इसके लिए पुलिस प्रशासन की जितनी भी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। पुलिस को इस कार्य के लिए जिला बिजनौर का व्यापारी साधुवाद एवं धन्यवाद देता है।

## आसपा कार्यकर्ताओं से रैली में चलने की अपील

नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के मुस्लिम भाईचारा के जिलाध्यक्ष रजत कुमार ने नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम पर्वतपुर पहुंचकर सभी कार्यकर्ताओं से 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर मुजफ्फरनगर में होने वाली संविधान अधिकार बचाओ-भाईचारा बनाओ महारैली में पहुंचकर रैली को सफल बनाने की अपील की।

# नादेही चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू

## एमडी तथा जीएम ने चेन का स्विच ऑन कर किया सत्र का शुभारंभ

**जसपुर (चिंगारी)।** नादेही चीनी मिल के पेराई सत्र का कल विधिवत रूप से शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं मिल प्रशासन ने संयुक्त रूप से चेन में गन्ना डालकर चेन का स्विच ऑन कर पेराई सत्र का शुभारंभ किया। चीनी मिल नादेही के मुख्य द्वार एवं मिल प्रांगण को रंग बिरंगी बंदनवार, झंडियों, फूलों एवं चूने से सजाया गया।

कार्यक्रम की विधि विधान एवं मंत्रोचारण के साथ पूजा शुरू की गई। कार्यक्रम के अतिथि राज्य गन्ना मंत्री श्यामवीर सिंह सैनी, मंजीत सिंह, एससी आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, राज्य आपदा मंत्री विनय रोहेला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल, विधायक आदेश सिंह चौहान, पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल, भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, मिल प्रशासन एवं किसान तथा अन्य अतिथिगण पूजा में शामिल हुये। पूजा के बाद हवन में सभी ने संयुक्त रूप से आहुति दी तथा मिल का पेराई सत्र सुचारू रूप से चलने एवं मिल की उन्नति की कामनाएं की। इसके बाद अतिथियों द्वारा कांटे पर प्रथम गन्ने की बैलगाड़ी लेकर पहुंचे ग्राम राजपुर के कृषक नितिन को उपहार देकर एवं बैलों को गुड़ खिलाकर सम्मानित किया गया तथा उसके बाद प्रथम गन्ना ट्राली लेकर पहुंचे ग्राम मुरलीवाला के कृषक अनुज कुमार को सम्मानित किया गया। मिल प्रशासन द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित रहे सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।


चेन में गन्ना डालते अतिथिगण।

# महाविद्यालय में करियर निर्माण सम्बंधी कार्यशाला आयोजित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी की करियर काउंसलिंग सेल के तत्वाधान में कौशल विकास व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से करियर निर्माण विषय पर बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय भोपाल के प्राध्यापक अवधेश, शिंजिनी व नंदिनी द्वारा छात्र-छात्राओं को स्नातक के बाद रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. विनय देवलाल ने स्नातक डिग्री के साथ-साथ कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की वर्तमान परिपेक्ष में आवश्यकता व महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. हरिश्चंद्र ने कहा कि वर्तमान युग डिजिटल युग है। युवाओं को अपने भविष्य निर्माण हेतु नवाचार आधारित नवीन संभावनाओं से जुड़कर अपने भविष्य की दिशा निर्धारित करने की आवश्यकता है। तत्पश्चात छात्रों को स्नातक के बाद रोजगार की संभावना व इस संबध में अजीम प्रेमजी विवि भोपाल द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. उषा सिंह, फाउंडेशन के कोटद्वार संयोजक डॉ. प्रियंवद सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

# 'टेगू भाई' के निधन पर अधिवक्ताओं ने जताया शोक


स्व. टेगू भाई

**कोटद्वार (चिंगारी)।** हंस कल्चरल सेंटर के उत्तराखंड प्रभारी पदमेंद्र सिंह बिष्ट उर्फ टेगू भाई का बुधवार सुबह दिल्ली स्थित एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया है। उनके निधन की खबर सुनते ही कोटद्वार बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। शोक सभा में पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय कुमार पंत ने कहा कि वे हमेशा निर्धनों और असहायों की मदद के लिए तैयार रहते थे। साथ ही फाउंडेशन के माध्यम से निर्धन छात्रों को स्कूल फीस दिलाने का कार्य भी लगातार करते थे। उनके असामायिक निधन से समाज के हर वर्ग को आघात पहुंचा है, जिसे पूरा नहीं किया जा सकता। मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में अधिवक्ता प्रवेश रावत, अरविंद वर्मा, विकास कुमार, अविरल पंत, रवींद्र जजेड़ी, मयंक जखमोला, कुलदीप बिष्ट और शोभा बहुगुणा सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

# 4.5 लाख कीमत की स्मैक के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

## बरेली से क्षेत्र में बेचने लाया था



**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार पुलिस ने लगभग साढ़े चार लाख की कीमत की 15.40 ग्राम स्मैक के साथ एक हिस्ट्रीशीटर नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के अंतर्गत व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश के क्रम में कोटद्वार पुलिस एवं सीआइयू टीम बीईएल रोड पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान पुलिस टीम को शंकर डेयरी के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान युवक से लगभग साढ़े चार लाख रू. मूल्य की 15.40 ग्राम स्मैक बरामद की। आरोपी की पहचान रोहित जोशी, पुत्र स्वर्गीय हीरा वल्लभ जोशी, निवासी- मानपुर कोटद्वार के तौर पर हुई। आरोपी एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्वयं भी स्मैक सेवन करने का आदी है और इस बार वह स्मैक को बरेली (उत्तर प्रदेश) से लाकर कोटद्वार क्षेत्र में छात्रों और फैक्ट्री कर्मियों को बेचने की फिराक में था।

# जीआईसी में अग्निवीर वायु भर्ती प्रक्रिया संबंधी कार्यशाला आयोजित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत तीलू रौतेली चौक स्थित राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में बुधवार को द्वितीय वायुसैनिक चयन केंद्र, वायुसेना मुख्यालय, दिल्ली द्वारा अग्निवीर वायु भर्ती के संदर्भ में एक दिवसीय भर्ती प्रक्रिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वायुसेना मुख्यालय दिल्ली से आए सार्जेंट बी एम उपाध्याय और सार्जेंट राकेश कुमार सारण ने विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में चयन प्रक्रिया के संबंध में अवगत कराते हुए अग्निवीर वायु भर्ती के लिए आवश्यक मानकों जैसे कि शारीरिक मापदंड और शैक्षणिक योग्यता के बारे में बताया। साथ ही भर्ती के बाद मिलने वाले लाभ और 4 साल के बाद अन्य विभाग में मिलने वाले आरक्षण के बारे में भी बताया। उन्होंने छात्रों से अग्निवीर के रुप में सेना में भर्ती होकर देशसेवा में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यशाला में विद्यालय प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अपनी स्वर्गीय माता की जयंती पर 68 बच्चों को बांटे ट्रैक सूट

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** स्वर्गीय श्रीमती बीरा देवी की जयंती के अवसर पर उनके पुत्र पार्षद राजेंद्र प्रेम सिंह बिष्ट, पार्षद संजय प्रेम बिष्ट के द्वारा वार्ड नंबर 39 के राजकीय प्राथमिक विद्यालय इंद्रानगर में सभी 68 बच्चों को ट्रैक सूट वितरित किये गये। पार्षद राजेंद्र प्रेम सिंह बिष्ट ने बताया कि सूर्य किरण वेलफेयर सोसाइटी व राष्ट्रीय हिंदू संगठन के सहयोग से यह कार्य पूर्ण हुआ। साथ ही उद्देश्य है कि जरूरतमंद बच्चों तक हर संभव सहायता पहुंचाई जा सके जिससे उनकी शिक्षा दीक्षा प्रभावित ना हो। सूर्यकिरण वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डीबीपीएस रावत ने कहा कि वह जरुरतमंद बच्चों की हमेशा सहायता करेंगे ताकि वह अच्छी शिक्षा-दीक्षा प्राप्त करके अच्छे समाज का निर्माण कर सकें। वरिष्ठ भाजपा नेता ज्योति सजवान ने कहा कि स्वर्गीय वीरा देवी का व्यव्हार बच्चों के प्रति बहुत ही ममता भरा था ,वह सदैव समाज के हर तबके की मदद के लिए निरंतर तत्पर रहती थीं और उसी परिपाटी को उनके सुपुत्र आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्योति सजवान, पूर्व प्रधानाचार्य डीबीपीएस रावत, राष्ट्रीय हिंदू संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र भटनागर, शिवपूजन गुप्ता, राजीव राणा, मंजू, ललिता पवार, रीता थापा, अनीता आदि बच्चे एवं बच्चों अभिभावक उपस्थित थे।



# एसजीआरआर में खेल प्रतियोगिताएं जारी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** देवी रोड स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में खेल सप्ताह के अंतर्गत खेलों का आयोजन जारी है। इसी क्रम में सप्ताह के दूसरे दिन भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दूसरे दिन के खेल में सर्वप्रथम जूनियर बालक रिले रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें टैगोर हाउस प्रथम, रमन द्वितीय व तिलक हाउस तृतीय रहे। बालिका वर्ग में रमन हाउस प्रथम, टैगोर हाउस द्वितीय व तिलक हाउस तृतीय स्थान पर रहे। वहीं जूनियर वर्ग कैरम बालिका वर्ग में टैगोर हाउस प्रथम व रमन हाउस द्वितीय रहे। बालक वर्ग में सुभाष हाउस प्रथम व टैगोर हाउस द्वितीय स्थान पर रहे। बैडमिंटन सीनियर बालक वर्ग में टैगोर हाउस ने पहला व रमन हाउस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी बालिका वर्ग रिले रेस में सुभाष हाउस प्रथम, रमन हाउस द्वितीय व तिलक हाउस तृतीय स्थान पर रहे। बालक वर्ग में टैगौर हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय व रमन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# कार्बेट में फिर शुरू होगी हाथी पर सफारी

## पार्क प्रशासन ने पूरी कर ली तैयारी



हाथी पर सवार पर्यटक ( फाइल फोटो )

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। लंबे इंतजार के बाद इस पर्यटन सीजन में कॉर्बेट पार्क में हाथी सफारी एक बार फिर से शुरू होने जा रही है। पार्क प्रशासन ने इसके लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। इसके साथ ही अब पर्यटक वॉच टावर से भी जंगल, नदियों और वन्यजीवों का मनोरम दृश्य निहार सकेंगे।



हाथी पर सवार महावत।

जानकारी के मुताबिक कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढिकाला पर्यटन जोन को 15 नवंबर से पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी देश-विदेश से हजारों सैलानियों के यहां पहुंचने की उम्मीद है। लेकिन इस बार का सीजन बेहद खास रहेगा, क्योंकि पर्यटक अब फिर से हाथियों की पीठ पर सवार होकर जंगल की रोमांचक सैर कर पाएंगे। यह अनुभव उन्हें पार्क की जैव विविधता, प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवों के जीवन से और करीब से रूबरू कराएगा।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर साकेत बडोला ने बताया कि कॉर्बेट पार्क प्रशासन ने हाथी सफारी के संचालन के लिए विशेष दिशा-निर्देश तैयार किये हैं। ताकि पर्यटकों की सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण दोनों सुनिश्चित किए जा सकें। सफारी के दौरान प्रशिक्षित महावत और वन विभाग के कर्मी पर्यटकों के साथ रहेंगे। उन्होंने बताया कि हाथी सफारी को फिर से शुरू करने की अनुमति मिल गई है और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यह पहल न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के नये अवसर भी प्रदान करेगी। छः वर्ष बाद हाथी सफारी के दोबारा शुरू होने से पार्क में पर्यटन का आकर्षण और बढ़ेगा। साथ ही यह सैलानियों को जंगल की गहराइयों में बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए सतत और जिम्मेदार पर्यटन का अनुभव कराएगी।





**होटल में स्टाफ की आवश्यकता**

**2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी**

वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)

योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

**2. वेटर/बेल ब्वॉय**

वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार ( दिन/रात शिफ्ट )

योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

**बिजनौर में खुल गया है**

ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के **बादशाह**

**एथर का शोरूम**

**Dhruvika Motors**

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901